राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव...



आपका वोट आने वाली पीढ़ियों का... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 20 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 45, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### मंडला में विदाई से पहले वधू ने किया मतदान

**मंडला ।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं में गजब का उत्साह रहा। मंडला संसदीय क्षेत्र में तो एक वधू ने विदाई से पहले अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाई। मध्य प्रदेश के मंडला संसदीय क्षेत्र के मेली गांव



के नारायणगंज के मतदान केंद्र 112 पर हर किसी को खुश कर देने वाला नजारा देखने को मिला। यहां की आशा रानी सिंगरोरे अपनी विदाई से पहले मतदान करने पहुंची। राज्य के छह संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है और मतदान को लेकर हर वर्ग में उत्साह है। युवा हों या बुजुर्ग या फिर महिलाएं, सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी होंगे अगले नौसेना प्रमुख, इस दिन संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह 30 अप्रैल को अपना नया पदभार संभालेंगे। वर्तमान में वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उपप्रमुख हैं। इससे पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे। करीब 40 वर्ष के अपने लंबे करियर



में वह कई महत्वपूर्ण अभियानों से जुड़े रहे हैं। सैनिक स्कूल, रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड्गवासला के पूर्व छात्र दिनेश त्रिपाठी एक जुलाई, 1985 को नौसेना में शामिल हुए थे। संचार एवं इलेक्ट्रानिक युद्ध विशेषज्ञ त्रिपाठी ने सिग्नल कम्युनिकेशन ऑफिसर एंड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर आफिसर के रूप में नौसेना के अग्रिम युद्धपोतों पर काम किया है। बाद में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर आइएनएस मुंबई के कार्यकारी अधिकारी एवं प्रधान युद्ध अधिकारी के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने आइएनएस विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान भी संभाली है। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी एक कलाकार और होम मेकर हैं। उनका पुत्र वकील है।

### बसपा ने 11 उम्मीदवार किए घोषित, वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ बदला प्रत्याशी

**लखनऊ (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को 11 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी। बसपा ने वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रत्याशी बदल दिया है। अब यहां से अतहर जमाल लारी की जगह सैयद नियाज अली को



टिकट दिया गया है। बसपा की सूची के अनुसार एमएलसी भीमराव अंबेडकर को हरदोई से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, संत कबीर नगर से मो. आलम, फतेहपुर से मनीष सचान, फिरोजाबाद से चौधरी बशीर, सीतापुर से महेंद्र यादव, महाराजगंज से मौसमें आलम, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, वाराणसी से उम्मीदवार बदलकर नेयाज अली को टिकट दिया गया है। इसके अलावा मछली शहर से कृपा शंकर सरोज, भदोही से अतहर अंसारी और फूलपुर से जगन्नाथ पाल को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

# लोकसभा चुनाव 2024 : देश की 102 सीटों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा मतदान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। 102 सीटों पर 1625 उम्मीदवार मैदान में थे। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर व पश्चिमी बंगाल में हिंसा की खबर है। राजस्थान में कुछ जगह मारपीट व धमकी देने की घटनाएं सामने आई हैं। पहला चरण देश के 102 लोकसभा सीटों में संपन्न हो गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो देश के 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश में मतदान शांतिपूर्ण रहा।

शुक्रवार को जिन केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का फैसला वोटिंग मशीन में बंद हुआ उनमें नागपुर से नितिन गडकरी, डिब्रूगढ़ से सबार्नंद सोनोवाल, अरुणाचल पश्चिम से किरण रिजिजू, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल व तमिलनाडु के नीलगिरी से एल मुरुगन शामिल रहे।

चुनाव आयोग के मुताबिक पहले चरण के मतदान के लिए देश भर में 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों पर कुल 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता थे। शराब, नशीले पदार्थों, नकदी आदि की अवैध खेप पर नजर रखने के लिए 1,374 अंतरराज्यीय और 162 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियों पर निगरानी रखी गई। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सड़क मार्ग और सीमाओं के अलावा समुद्री और हवाई मार्ग पर भी कड़ी निगरानी रखी गई।

वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे खत्म हुई। (मतदान समाप्ति का समय कुछ स्थान पर भिन्न था)। इन 102 सीटों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर थे।

35.67 लाख मतदाता ऐसे थे, जिनके पास अपने मताधिकार का प्रयोग करने का यह पहला अवसर था। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता व 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.14 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता थे। 13.89 लाख विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) भी इस चुनाव में मतदाता रहे। इन्हें घर से ही मतदान करने



का विकल्प प्रदान किया गया था। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए थे।

सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई। चुनाव आयोग ने कुल 4,627 उडन दस्ते, 5,208 सांख्यिकी निगरानी दल, 2,028 वीडियो निगरानी दल और 1,255 वीडियो देखने वाली टीमें तैनात की थी।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव हुआ उनमें नागपुर, कन्याकुमारी, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना, पीलीभीत, डिब्रूगढ़, जोरहाट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप शामिल रहे। पहले चरण के मुख्य चेहरों में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से जितिन प्रसाद, तमिलनाडु से कार्ति चिदंबरम, तमिलनाडु के कोयंबटूर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, चेन्नई सेंट्रल से दयानिधि मारन व छिंदवाड़ा से नकुलनाथ भी शामिल थे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने 18 लाख से अधिक मतदान अधिकारियों की तैनाती की थी।

## बीजेपी नेता आनंद स्वरूप शुक्ला का ऐलान,भविष्य में नहीं लड़ेंगे चुनाव



**बलिया ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सियासी गलियारों में चचाओं का दौर शुरू कर दिया है। खबर है कि पूर्व मंत्री एवं बीजेपी के कद्दावर नेता आनन्द स्वरूप शुक्ला ने बलिया के बैरिया सीट पर अब भविष्य में कभी चुनाव ना लड़ने का ऐलान किया है। रामनवमी के उल्लास के बीच उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर अपने इस फैसले का ऐलान किया, लेकिन खास बात यह है कि उन्होंने अपने इस ऐलान के पीछे की वजह अभी तक नहीं बताई है। बता दें, वह 2017 में बीजेपी के टिकट पर बलिया सदर से विधायक रहे। बीजेपी ने उनका स्थानांतरण करते हुए उन्हें 2022 में बैरिया से बीजेपी के तत्कालीन विधायक रहे सुरेन्द्र सिंह का टिकट काटकर उन्हें चुनाव लड़ाया। नतीजा यह रहा कि बीजेपी से टिकट कटने के बाद सुरेन्द्र सिंह ने भी बागी बनकर चुनाव लड़ा। बीजेपी के दो नेताओं के चुनाव लड़ने से परिणाम यह हुआ की बैरिया विधानसभा की सीट समाजवादी पार्टी के खाते में चला गया। अब आनन्द स्वरूप शुक्ल बलिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद की बीजेपी से टिकट मांग रहे थे। लेकिन, बीजेपी उन्हें टिकट नहीं देकर समाजवादी पार्टी से आए पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र नीरज शेखर को टिकट दे दिया, जिसके बाद पूर्व मंत्री ने फेसबुक पर पोस्ट कर चुनाव नहीं लड़ने की जानकारी दी। अब इस पोस्ट के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

## मतदान केंद्र पर वोटर ने ईवीएम मशीन तोड़ी,पुलिस ने हिरासत में लिया

**हरिद्वार ।** उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। लोग अपने मतों का प्रोयग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इस बीच हिंसा और तोड़फोड़ की खबरें सामने आई हैं। हरिद्वार लोकसभा सीट पर मतदाता द्वारा ईवीएम मशीन तोड़ने की घटना सामने आई है। हरिद्वार विधानसभा के मतदान केंद्र 126 ज्वालापुर इंटर कॉलेज में एक मतदाता ने ईवीएम तोड़ दिया। मतदाता ने ईवीएम मशीन का विरोध करते हुए पोलिंग बूथ पर रखी मशीन को नीचे पटक दिया। उसने चिल्लाते हुए कहा कि हम ईवीएम मशीन का विरोध करते हैं। उसने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ। फिलहाल पुलिस ने मतदाता को हिरासत में ले लिया है। ईवीएम मशीन टूट गई, लेकिन बाद में उसे चालू किया गया। मतदाता की इस हरकत से मतदान केंद्र पर अफरा-तरफी का माहौल बन गया। बाहर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मतदाता को पकड़कर रेल चौकी ले गए, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।



# देश में राम राज्य स्थापित होने जा रहा है: राजनाथ सिंह

**हैदराबाद (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अब इस बात के संकेत मिल चुके हैं कि देश में राम राज्य स्थापित होने जा रहा है। सिकंदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें दृढ़ विश्वास है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब इस बात के संकेत मिल चुके हैं कि भारत में राम राज्य की स्थापना जल्द ही होगी।

बता दें कि केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी जो कुछ भी वादा करती है, उसे पूरा करके ही दम लेती है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब बीजेपी सत्ता में आई थी, तो यह वादा किया था कि हमें दुनिया की कोई भी ताकत राम मंदिर का निर्माण करने से नहीं रोक सकती और ऐसा अब हमने कर-के दिखा भी दिया। उन्होंने कहा कि इस बार हमने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर हम सत्ता में आते हैं, तो समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने सवाल पूछा कि प्रगतिशील इस्लामिक राज्यों में समान नागरिक संहिता प्रभावी है।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि सीएए को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय के बीच गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सीएए की वजह से किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी पर धार्मिक आधार पर भेदभाव के आरोप लगाए जाने के बावजूद भी विश्व के शीर्ष पांच मुस्लिम देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी तुष्टिकरण की नीति पर नहीं चलती है। हम जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के आधार पर राजनीति करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक बीजेपी की अगुवाई में केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार के एक भी आरोप नहीं है, जबकि केंद्र में जब-जब कांग्रेस सत्ता में रही है, तब-तब कई घोटाले हुए हैं। यहां तक की उनके नेताओं को सलाखों के पीछे भी जाना पड़ा है।उन्होंने कहा कि हम सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बीजेपी से सीख सकते हैं कि कैसे देश को चलाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान और सम्मान बढ़ाया है। आज की तारीख में हर मसले के लिए लोग भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है, जबकि 2014 से पहले यह 11वें पायदान पर था। उन्होंने कहा कि सभी अर्थशास्त्री इस बात से सहमत हैं कि भारत विश्व की सर्वाधिक तेजी से आगे बढने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। 2027 तक यह विश्व की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल हो चुकी होगी।

**रिजल्ट जारी** ज्योत्स्ना ज्योति 99.2 फीसदी अंकों के साथ स्टेट टॉपर रही

## झारखंड में 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी पास, लड़कियां रहीं आगे

**रांची ।** झारखंड में 10वीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों का दबदबा रहा है। ज्योत्स्ना ज्योति 99.2 फीसदी अंकों के साथ स्टेट टॉपर रही। वह हजारीबाग स्थित इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा हैं। टॉप थ्री में चार लड़कियों ने जगह बनाई है और ये सभी इसी विद्यालय की छात्रा हैं। सेकेंड टॉपर सना मंजरी को 98.6 फीसदी और थर्ड टॉपर करिश्मा एवं श्रृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। टॉप टेन की लिस्ट में कुल 44 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है। ओवरऑल रिजल्ट में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। उत्तीर्ण करने वाली लड़कियों का प्रतिशत 91 है, जबकि उनके मुकाबले 89.70 प्रतिशत लड़कों को सफलता मिली है।

परीक्षा में कुल 90.39 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 54.20 फीसदी परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी, 40.63 फीसदी को द्वितीय और 5.17 फीसदी को तृतीय श्रेणी में सफलता मिली है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के ऑफिस में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में चेयरमैन अनिल महतो ने 11 बजकर 30 मिनट पर रिजल्ट जारी किया। इस वर्ष राज्य में कुल 4 लाख 21 हजार




678 छात्र-छात्राएं एकेडमिक काउंसिल की इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 2 लाख 5 हजार 110 छात्र-छात्राओं को प्रथम श्रेणी, एक लाख 53 हजार 733 को द्वितीय श्रेणी और 19555 को तृतीय श्रेणी में सफलता मिली है। परीक्षा के परिणाम झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट जेएसी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन और जेएसीरिजल्ट्स डॉट कॉम पर जारी किए गए हैं, लेकिन इसके पहले हेवी ट्रैफिक के कारण वेबसाइट क्रैश कर गई। इस लिंक पर जाकर रोल कोड एवं रोल नंबर डालकर रिजल्ट चेक किया जा सकता है। परीक्षार्थी अपनी मार्कशीट भी डाउनलोड कर सकते हैं। काउंसिल ने कहा है कि जब तक उन्हें स्कूल से मार्कशीट नहीं मिलती, तब तक जैक वेबसाइट से डाउनलोड की गई मार्कशीट ही मान्य होगी। परीक्षार्थी 10वीं का रिजल्ट एसएमएस सेवा का उपयोग कर भी अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

इसके लिए उन्हें अंग्रेजी में जेएच10 लिखकर अपना रोल नंबर लिखना होगा। इस मैसेज को 567675 पर भेजने के बाद रिजल्ट मोबाइल पर आ जाएगा। इस बार जैक की मैट्रिक परीक्षा छह फरवरी से लेकर 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। इसके लिए राज्यभर में 1238 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जैक के चेयरमैन अनिल महतो ने कहा कि इस बार हमलोगों ने पिछले साल की तुलना में 20 दिन पहले रिजल्ट जारी किया है। उन्होंने कहा कि 12वीं का रिजल्ट भी जल्द जारी कर दिया जाएगा।

## भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया: अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सिकन्दराबाद में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ0 महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में विषाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी से झूठ बोला। भाजपा ने सभी से विश्वासघात किया है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।इंडिया गठबंधन जनता की इच्छा पर बना है। जनता चाहती थी गठबंधन बने। गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सभी है। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लाकर किसानों की उपज और जमीन छीनने की साजिश रची थी। किसानों ने आंदोलन किया। भाजपा सरकार को झुकना पड़ा।



तीनों कानून वापस हुए लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसान आंदोलन में हजारों किसान शहीद हुए। भाजपा ने आंदोलनकारी किसानों को अपमानित किया।अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा ने किसानों के साथ नौजवानों को धोखा दिया। नौकरी, रोजगार नहीं दिया। नौकरियों के लिए परीक्षाओं के जो पेपर हुए वह सब लीक हो गये। भाजपा नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# दबंगो का कहरः पान व्यापारी को पीट पीट कर किया घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** डीएन डिग्री कालेज के पास पान की दुकान चला रहे व्यापारी की कुछ दबंगो ने लाठी डंडो से पिटाई कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

सिकन्द्राबाद बस स्टैंड के सामने कोठी पडाव निवासी सिराज मेवाती एक पान की दुकान चलाते है । गत दिवस रोज की भांति जब वह अपनी दुकान पर बैठे थे तभी कुछ लोग लाठी, डंडे और सरिया लेकर आए और आते ही सिराज पर हमला कर दिया और लाठी डंडों से पीटने लगे जिसमें सिराज बुरी तरह घायल हो गए । कुछ लोगो ने हमलावरो को पकडने की कोशिस की परन्तु सिकन्द्राबाद रोड की तरफ भाग निकले और सिराज को चास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया हैं। जहां से उनकी नाजुक हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस हमले में सिराज बुरी तरह से घायल हुए हैं उनके सिर, हाथ और पैर में काफी चोटे आई है जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सिराज के घर वालों ने नाम दर्ज तहरीर दी हैं। पुलिस ने तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी हैं और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बिजली की चिंगारी से 13 बीघा गेंहू की फसल जलकर हुई राख

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद )।** अगौता ब्लाक क्षेत्र के गांव औलीना में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर पकी खड़ी गेंहू की फसल में गिर पड़ा। तार से निकली बिजली की चिंगारी से एक किसान की 13 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान व अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़ित किसान ने थाना औरंगाबाद में बिजली विभाग के खिलाफ तहरीर दी है।

गांव औलीना निवासी किसान मनोज कुमार के खेत में खड़ी गेंहू फसल के ऊपर से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन का गुरूवार को तार टूटने से उक्त किसान की 13 बीघा गेंहू की फसल में आग लग गई। गेंहू की फसल में आग लगने की सूचना मिलते सैंकड़ों किसान घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। तेज



हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने टैज्क्टरों से खेतों की जुताई कर आग की चपेट में आने अन्य किसानों की फसल को बचा लिया। दो घंटे कड़ी मशक्कत करने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

उधर गुस्साये ग्रामीणों ने औलीना बिजलीघर पर तैनात जेई समेत अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौके पर हंगामा खड़ा कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि खेत के ऊपर से होकर गुजर रही लाइन काफी नीची थी। जिसको ठीक कराने के लिये पीड़ित किसान पिछले पांच माह से शिकायत करता चला आ रहा था। लेकिन जेई लाइन को ऊंची कराने का झूंठा आश्वासन देकर गुमराह करता चला आ रहा है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की सरकार व बिजली विभाग से मांग की है। पीड़ित किसान ने थाना औरंगाबाद में बिजली विभाग के खिलाफ तहरीर दी है।



**बुलंदशहर** । लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि को एनसीपी उप्र के उपाध्यक्ष व बुलंदशहर लोकसभा प्रभारी डॉ.रियाज सैफी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय शर्मा के आदेशानुसार कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया,और प्रचार प्रसार मैं सभी जिले के कार्यकर्ताओ को काम करने का आग्रह किया।

# पहले चरण में बीजेपी का हो गया सफायाः अखिलेश यादव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद** । सपा अध्यक्ष व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सिकंदराबाद में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बीजेपी को कई मुद्दे पर घेरने का काम किया। अखिलेश यादव ने गौतम बुद्ध नगर लोकसभा के गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर के समर्थन में वोट डालने का आग्रह किया है।

इस दौरान अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जोरदार निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने बीजेपी के 400 पार नारे पर तंज कसते हुए कहा कि 'जब बीजेपी के लोग कहते हैं 400 पार और उनके नेताओं के बयान आते हैं कि ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे



खूबसूरत लोकतंत्र कोई है तो वो भारत का है। साथ ही उन्होंने कहा कि भीमराव अंम्बेडकर ने जो संविधान दिया है अगर सरकार उस पर चलेगी तो किसी भी जाति, धर्म के लोगों के साथ भेदभाव नहीं होगा। इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भारतीय जनता पार्टी का बैंड बजा दिया है। कोई कल्पना नहीं कर सकता था राजनीति में पॉलिटिकल पार्टी इतना चंदा वसूल कर सकती है। यूपी में पेपर लीक मामले पर उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा कि नौकरी के सवाल पर जिस तरह पेपर लीक हुए हैं क्या कोई नौजवान कल्पना कर सकता था कि पेपर लीक हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस सरकार में कोई एक पेपर लीक नहीं हुआ है जितनी भी परीक्षाएं हुई है सब पेपर लीक हुए हैं। इस सरकार में अबतक 10 पेपर लीक हो चुके हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि बताओ दिल्ली, झारखंड के मुख्यमंत्री पर झूठे मुकदमे लगाए कि नहीं लगाए। हमारी आपकी पार्टी के नेता मोहम्मद आजम खान के ऊपर भी झूठे मुकदमे लगाए कि नहीं लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन को बचाने का काम समाजवादी पार्टी ने किया है और इंडिया गठबंधन भारतीय जनता पार्टी का सफाया करने जा रहा है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पूरे देश की जनता बीजेपी की विदाई करने जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे दस साल बीजेपी ने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। जनता उत्तर प्रदेश के साथ साथ देश में बीजेपी का सफाया करने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। अब बीजेपी का सफाया होने से कोई नहीं रोक सकता।

# भारत में बढ़ रहा है फैटी लिवर का खतरा, इसकी रोकथाम के जागरूकता बेहद जरूरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है ताकि लोग अपने लिवर की सेहत पर ध्यान दें और इसके रोगों के बारे में जानें। ये ऐसी बीमारी है जिसमें लिवर की कोशिकाओं में चर्बी जमा होने लगती है। भारत में फैटी लिवर की बीमारी बहुत तेजी से बढ़ रही है और देश की एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। हाल के अध्ययनों से ये पता चला है कि भारत में 10% से 56% लोग फैटी लिवर से जूझ रहे हैं। यह बीमारी अक्सर उन लोगों में ज्यादा पाई जाती है, जो मोटे हैं, जिन्हें डायबिटीज है, जो लोग ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करते या जिनका कोलेस्ट्रॉल लेवल सही नहीं है।

फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी डिपार्टमेंट के कंसल्टेंट, डॉक्टर अपूर्व पांडे ने बताया, ह्लभारत में पुरुषों में इस बीमारी का खतरा ज्यादा है। अक्सर फैटी लिवर किसी और वजह से कराए गए अल्ट्रासाउंड में ही पता चलता है। अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट में इसे तीन ग्रेड्स में बांटा जाता है। ध्यान देने वाली बात यह हैं कि अगर इसे नजरअंदाज किया जाए, तो ये लीवर फाइब्रोसिस और फिर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में भी बदल सकती है। इसलिए जरूरी है इसका जल्दी पता लगना और इलाज करवाना।






फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के सीईओ डॉक्टर प्रवीण कुमार बताते हैं, ह्लभले ही फैटी लिवर के लक्षण जाहिर तौर पर न दिखें, फिर भी कुछ ऐसे लक्षण हैं जिन्हें हर किसी को ध्यान से देखना चाहिए।

**ये लक्षण हैं:**

थकानः अगर भरपूर आराम के बाद भी थकान लगे, तो ये फैटी लिवर का इशारा हो सकता है। इससे रोजमर्रा के काम पर असर पड़ता है।

वजन घटनाः अगर आपका वजन अचानक से घटने लगे, वो भी तब जब थकान या पेट में तकलीफ भी हो रही हो, तो लिवर की जांच करवाना जरूरी है।

पेट में तकलीफः पेट के ऊपरी हिस्से में दाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द या तकलीफ, फैटी लिवर के कारण सूजन या लिवर के आकार में बढ़ोतरी का संकेत हो सकता है।

कमजोरीः अगर किसी और वजह से कमजोरी महसूस हो रही हो, तो ये लिवर से जुड़ी समस्याओं की वजह से हो सकता है, जिनमें फैटी लिवर भी शामिल है।

लिवर एंजाइम्स बढ़नाः खून की रिपोर्ट में अगर लिवर एंजाइम्स का स्तर बढ़ा हुआ दिखे तो ये लिवर में सूजन या खराबी का संकेत है।

लिवर का आकार बढ़नाः डॉक्टर जांच के दौरान अगर लिवर का आकार बढ़ा हुआ महसूस करें, तो ये फैटी लिवर का लक्षण हो सकता है।

फैटी लिवर का अगर समय पर इलाज नहीं किया गया तो आगे चलकर बड़ी बीमारी हो सकती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि इस बीमारी के लक्षणों को समझा जाए और अगर ये लक्षण दिखें तो फौरन डॉक्टर से सलाह लें। जल्दी इलाज शुरू होने और जीवनशैली में कुछ बदलाव करके फैटी लिवर से बचा जा सकता है और लिवर को हमेशा स्वस्थ रखा जा सकता है।

# अहमदगढ़, खुदादिया, जिरौली, राजौर के संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलन्दशहर।** लोक सभा निर्वाचन को सकुशल शांतिपूर्वक, पारदर्शिता एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना अहमदगढ, अनूपशहर क्षेत्र के अहमदगढ़, खुदादिया, जिरौली, राजौर के संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करते हुए बूथों पर की जाने वाली व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की गयी तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि मतदान के दिवस मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कराई जाए। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। बी एल ओ से वोटर पर्ची वितरण के बारे में भी जानकारी ली गई।

# पानी से भरी बाल्टी में गिरने से डेढ़ साल के मासूम की मौत, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक डेढ़ साल की बच्ची पानी से भरी बाल्टी में गिरने से मौत हो गई। जिस समय ये हादसा हुआ बच्ची के पिता बाजार गए और शेष घरवाले सो रहे थे। घर में अगर छोटे बच्चे हैं तो जरा सी लापरवाही का परिणाम खतरनाक हो सकता है।

शिकारपुर के गांव मुरली नगला की इस घटना से समझ सकते हैं की शुक्रवार सुवह पानी से भरी बाल्टी में डेढ़ साल की बच्ची गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मासूम विशाखा उर्फ निशू पुत्री संजीत सिंह के परिवार वाले सो रहे थे अचानक विशाखा को पानी की प्यास लगी और उठकर कमरे से बाहर चली गई वहां जाकर देखा तो बाल्टी में पानी दिखाई दिया पानी पीने लगी तो बाल्टी में गिर गई तथा उसी दौरान बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई , घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अनूपशहर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** लोकसभा गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी बुलंदशहर शिवराम वाल्मीकि के अनूप शहर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ जिसमें क्षेत्र से भारी जन समूह उपस्थित रहा उद्घाटन के मौके पर प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव पूर्व कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गॉड पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी आए हुए लोगों के साथ पूजा अर्चना कर पूर्व मंत्री व प्रत्याशी ने फीता काटकर शुभारंभ किया उद्घाटन के उपरांत उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्ति आई जी के के चतुर्वेदी डिवाइ से विधानसभा के प्रत्याशी रहे




संजय शर्मा पूर्व मंत्री सतीश शर्मा जिला महासचिव व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह राघव महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी सपा नेता शेख रईस समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अनूपशहर रामकिशोर लोधी सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य हरिओम शर्मा आदि ने संबोधित करते हुए क्षेत्र में मिल रहे जनता के अपार समर्थन को वोट में परिवर्तित कराकर कार्यकर्ताओ से तथा उपस्थित जनसमूह से घर-घर में हर बूथ पर जाकर कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को तथा गारंटी के कार्ड को जन-जन तक पहुंच कर किसानो की कर्ज माफी किसानों के एमएसपी कानून गारंटी महिलाओं को 100000 वार्षिक युवाओं को 100000 वार्षिक अग्नि वीर योजना को समाप्त करने सहित सभी देश व जनहित की नीतियों को जन-जन तक पहुंच कर वर्तमान तानाशाह सरकार की जन विरोधी नीतियों का प्रचार प्रसार भी बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया उद्घाटन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष डॉ दलवीर चौधरी जिला सचिव रवींद्र प्रधान नगर अध्यक्ष सलाम का अध्यक्ष बबलू कुरैशी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर पोरस शर्मा नरेश शर्मा हरिओम शर्मा प्रवीण गौड़ मोहन सरीन एडवोकेट नटवरलाल शर्मा कौशल शर्मा नितिन शर्मा पूर्व अध्यक्ष प्रभात कौशिक राजेंद्र शर्मा मनोज शर्मा सपा नगर अध्यक्ष सिराज सैफी जिला सचिव समाजवादी पार्टी सरफराज अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**जनसभा** लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह के समर्थन में की जनसभा

# देश में एक ही आवाज, फिर मोदी सरकार : सीएम योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार । अबकी बार 400 पार । उन्होंने कहा कि देश के बारे में वही सोचेगा जिसकी प्राथमिकता देश होगा। जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे लोग इस चुनाव में सपा बसपा कांग्रेस की बात कर रहे होंगे। जिनके लिए राष्ट्रप्रथम हैं, वे भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करते हुए मजबूती से कम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के प्रचार में डॉक्टर भोला सिंह के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को शिकारपुर तहसील के निकट एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की अस्मिता को बचाने वाली पार्टी है। देश में दो विधान दो निशान दो प्रधान की व्यवस्था स्वीकार्य नहीं थी। इसलिए कश्मीर में धारा 370 को खत्म कर आतंकवाद में अंतिम कील ठोकी गई और आतंक के आका (पाकिस्तान)को भी ठीक कर दिया गया। हाईवे, एक्सप्रेसवे के निर्माण से देश प्रगति की ओर अग्रसर है। बुलंदशहर से प्रयाग राज का सफर मात्र 6 घंटे में पूर्ण होगा अगले वर्ष कुंभ के मेले में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। खुर्जा के पौटरी उद्योग का अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा है। बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। देश में आईआईटी, आईआईएम, व ऐम्स की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। योगी जी ने कहा कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक लाने वाली पारूल चौधरी को डीवाई.एसपी.का पद




दिया गया है। बंटवारे के समय देश की सबसे उर्वरक भूमि लेने वाले पाकिस्तान में आज रोटी के लाले हैं।

सर्व समाज के लिए समर्पित निशुल्क खाद्यान्न योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना, निशुल्क शौचालय, उज्ज्वला योजना की सुविधाओं का भी योगी जी ने उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि माफियाओं की जगह या तो जेल में है या जहन्नुम में।

राम का प्रमाण मांगने वाली कांग्रेस ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया और विकास से वंचित रखा। उन्होंने जनता से अपील की कि बेटी व व्यापारी को परेशान करने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दें।

जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, फिर एक बार मोदी सरकार,अबकी बार 400 पार के नारों से सभागार गूंज उठा। जनसभा में यह रहे मौजूद इस अवसर पर जनसभा में प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह ,पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ,जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, बुलंदशहर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ,शिकारपुर नगरपालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी ,विधायक देवेंद्र लोधी, विधायक चंद्रपाल सिंह ,संजय शर्मा, दीपक ऋषि, कुश शर्मा,मुकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष विकास चौहान, पंकज चौधरी ,वासुदेव, एसपी सिंह ,शंभू सिंह राघव, डा. विनोद शर्मा आदि सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था बहुत चाक चौंक रही।

# शिक्षाविद व समाजसेवी एन एस राघव का निधन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले नरपत सिंह राघव का ह्रदय गति रुक जाने से 85 वर्ष की उम्र में दिल्ली स्थित आवास पर निधन हो गया।



वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।मूल रूप से पहासू क्षेत्र के गांव बनैल निवासी एनएस राघव ने पहासू में प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा के लिए कालेज की स्थापना की। दिल्ली, फरीदाबाद तथा पहासू में उनकी कई शिक्षण संस्थाए स्थापित हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# शारदा विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी और फैशन शो का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ने एक्सप्रेशन प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाईके गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डॉ. परमानंद, रजिस्ट्रार विवेक कुमार गुप्ता, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार, एसोसिएट डीन डॉ दीप्ति पराशर ने दीप जलाकर किया।

इस दौरान छात्रों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए और फैशन शो का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग की एचओडी डॉ पूनम भागचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 160 छात्रों ने हिस्सा लिया। विभिन्न राज्यों में जाकर कारीगरों से काम सीख कर खुद से डिजाइन किए गए कपड़ों को पहनकर फैशन शो किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने करीब 100 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें 8 मॉडल पेटेंट हो चुके है। इस दौरान मल्टी फंक्शनल चेयर और वाहनों के स्क्रैप से बना गिटार आकर्षण केंद्र बना रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां रचनात्मकता सर्वोच्च है। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम नवप्रवर्तन शैली और जुनून की एक टेपेस्ट्री को उजागर करते हैं, जो हमारे प्रतिभाशाली फैशन डिजाइन और आर्किटेक्चर के छात्रों ने प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान प्रो आकांक्षा सिंह, शिवानी चंद्रा,रंजीत कुमार,गिरीश कुमार और अन्य विभागों के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

# लोक सभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का विरोध हर गली मोहल्ले में देखा जा सकता है, लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में मंत्री सुनील शर्मा को प्रचार के दौरान महिलाओं ने खूब खरी-खोटी सुनाई। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और मौजूदा विधायक का विरोध अलग अलग समाजों ने शुरू कर दिया है। गाजियाबाद चुनाव नजदीक आते ही नेताजी हाथ जोड़कर वोट मांगने चल देते हैं। और यह भूल जाते हैं। कि क्या तुमने 5 साल पूर्व में कभी जनता की सुनी या जनता के कोई काम किया नहीं किया किसी इंसान की मदद की बस जीते और घर में बैठ गए नेताजी और फिर चुनाव आया फिर जनता की याद आई टोपी पहनी और चल दिए फिर नेताजी वोट मांगने अब जनता अपने वोट की कीमत जान चुकी है। जागरुक हो गई है। अब अगर नेताजी तेज हैं। तो तेज समाज की जनता भी हो गई है।वह कैसे भूल जाए नेता जी की कमियों को उनके गली मोहल्ले की रोड नहीं बनवाई कहीं पानी नहीं मिला सभी जगह की अर्थव्यवस्था चूर-चूर है जनता से उम्मीद क्यों लगा रहे हैं। जब तुम 15 दिन हाथ जोड़कर जनता से 5 साल हाथ जुड़वाते हो नेताजी फोन उठाना भी उचित नहीं समझते और जनता से बोल देते हैं ।नेताजी घर पर नहीं है।और नेताजी के पास टाइम नहीं जनता को क्या करना है नेताओं के साथ वह खुद खूब जानती है तो अब काम नही तो वोट नहीं बताते चलें आपको की अब जनता की याद आई है। नेताजी को सोचने वाली बात यह है।गाजियाबाद अतुल गर्ग का प्रचार कर रहे मंत्री को विकास के मुद्दे पर महिलाओं ने सुनाई खरी-खरी जनप्रतिधियों को लोग सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग को लेकर अब भी नाराज है। हाईकमान ऐसे लोगों को मनाने में कहां चूक रहा है यह अब तक हाई कमान खुद नहीं समझ पाया है। यही वजह है कि हर दूसरे दिन अलग- अलग लोग विरोध करते



मतदाताओं के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद के साहिबाबाद में मंत्री सुनील शर्मा को प्रचार के दौरान महिलाओं ने खूब खरी-खोटी सुनाई। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और मौजूदा विधायक का विरोध अलग अलग समाजों ने शुरू कर दिया है। इससे पहले भी लाइनपार क्षेत्र में विकास के मुद्दे को लेकर अतुल गर्ग का विरोध होता आया है। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के आला पदाधिकारी के द्वारा सभी समाज को एकजुट करने के लिए अलग-अलग समाज के दिग्गजों को गाजियाबाद भेज कर जातीय वोट बैंक साधने की पूरी कोशिश की जा रही है, वहीं फिर भी कुछ हुए नजर आ रहे हैं। अतुल गर्ग का प्रचार कर रहे विधायक/मंत्री सुनील शर्मा साहिबाबाद के एक फार्म हाउस में प्रचार प्रसार के लिए गए थे। इसी दौरान वहां एकत्रित महिलाओं ने विकास का मुद्दा उठाते हुए भाजपा को वोट न देने की बात कही। महिलाओं ने कहा कि जब-जब चुनाव आते हैं तब तब बरसाती मेंढक की तरह नेता टर्र टर्र करने के लिए आ जाते हैं। चुनाव खत्म होते ही प्रतिनिधि क्षेत्र में नजर ही नहीं आते। लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का प्रचार कर रहे सुनील शर्मा के सामने विरोध किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है।

# बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी का मुस्लिम बाहुल्य गांव उस्मानपुर में हुआ जोरदार स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने घोषणा की है कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को पक्की नौकरी दिलवाने का काम किया जाएगा। राजेंद्र सोलंकी ने दनकौर क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क किया उन्होंने दनकौर में भी पदयात्रा कर लोगों से समर्थन की अपील की इसके अलावा मुस्लिम बाहुल्य गांव उस्मानपुर में भी उनका जोरदार स्वागत किया गया। नोएडा, ग्रेटर नोएड, जेवर, सिकन्द्राबाद और खुर्जा तक फैली गौतमबुद्धनगर नगर सीट पर चुनाव लड़ रहे बसपा प्रत्याशी सोलंकी ने यह भी कहा है कि सांसद बनते ही फ्लैट बॉयर्स की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 60 प्रतिशत आरक्षण शुक्रवार को बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने जेवर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे खुद नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संस्थापकों में शामिल हैं। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बनते वक्त यह नियम बनाया गया था कि यहां लगने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 60 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, लेकिन इस नियम को तमाम उद्योग भूल गए हैं। नेताओं ने भी कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के उद्योगों में युवाओं को 60 प्रतिशत आरक्षण दिलाया जाएगा। अपने घर के पास ही रोजगार मिलने से युवा आर्थिक रूप से मजबूर होंगे जिसका फायदा पूरे क्षेत्र के विकास को मिलेगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान सोलंकी ने यह भी कहा कि गौतमबुद्धनगर की बड़ी समस्या फ्लैट बॉयर्स की समस्या है। अपना सारा धन लगाने के बाद भी फ्लैट बॉयर्स को उनके फ्लैट नहीं मिले हैं। जिन्हें फ्लैट मिल गए हैं उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है। सांसद बनने के बाद फ्लैट बॉयर्स की इस समस्या का 60 दिन के अंदर समाधान किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान सोलंकी ने कहा कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के प्रत्येक शहर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, प्रत्येक गांव तथा प्रत्येक बस्ती में उन्हें तथा उनकी पार्टी को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। बसपा का सबसे बड़ा समर्थक तबका दलित समाज हो, गुर्जर समाज, ठाकुर समाज हो, जाट समाज, ब्राहमण, वैश्य समाज या फिर मुस्लिम समाज सभी समाज का उन्हें व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। सोलंकी ने विश्वास जाहिर किया कि गौतमबुद्धनगर सीट से बहुजन समाज पार्टी जीत रही है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र से बसपा की जीत सर्वसमाज की जीत होगी।जनसंपर्क के दौरान बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी कहा कि इस क्षेत्र में ढ़ेर सारी समस्याएं हैं। पिछले 10 सालों में भाजपा के राज में क्षेत्र में समस्याएं कम होने की बजाय बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। क्षेत्र के किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, महिलाएं तथा अल्पसंख्यक सभी परेशान हैं। चुनाव जीतने के बाद रात-दिन मेहनत करके वें क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे।



# सरधना में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव, उत्साहित होकर मतदाताओं ने किया मतदान


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**सरधना।** लोकसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में जोश दिखाई दिया।जिसमें महिला मतदाताओं की भीड़ काफी संख्या में देखने को मिली।सुबह 7 बजे से ही लोग मतदान केंद्र पर पहुंच गए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।शाम पांच बजे के बाद अधिकतर बूथ खाली नजर आए।शाम होते होते कुल 54.81% वोटिंग होने के साथ ही


**मतदान केंद्रों पर रही चाक-चौबंद व्यवस्था 54.81 प्रतिशत लोगों ने किया अपने मत का प्रयोग**


मतपेटियों को सील कर भारी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया।चुनाव मैदान में ताल ठोंकने वाले प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद हो गई जिनके भाग्य का फैसला आने वाली 4 जून को होना है। पूर्व विधायक संगीत सोम ने अपने गांव फरीदपुर में पत्नी प्रीति सोम के साथ मतदान किया।आईजी अनिकेत झा कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे डीएम दीपक मीणा एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने भी क्षेत्र का दौरा किया।शांति पूर्ण माहौल में चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर क्षेत्राधिकारी संजय जायसवाल व प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण करते नजर आये। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण कराने पर राहत की सास ली।











**126 वर्षीय वृद्ध ने उत्साह से किया मतदान**

लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार युवा व वृद्ध मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

126 वर्षीय वृद्ध धर्मपाल के स्वजनो के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। जहां पर वृद्ध ने अपने मत का प्रयोग करते हुए अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक किया।

साथ ही इस लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले मतदाता अंजली सोम सावेज अब्बासी, पिंकी, आयशा, कासिम आदि ने बताया कि अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करना बहुत अच्छा लग रहा है।



**सरधना में 126 के वृद्ध धर्मपाल ने डाला वोट**

# भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद के मतदाताओं को मताधिकार के लिए किया जा रहा है प्रेरित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशो के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा जनपद में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं ताकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए योग्य प्रत्याशी का चयन करें। इसी श्रृंखला में द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज, दनकौर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप टीम से शबनम अधाना, मोहित गर्ग व दिशा चौधरी ने सभी संकाय के छात्रों व शिक्षकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य गिरीश कुमार वत्स ने सभी को लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया। संकुल प्रशिक्षण में नरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव बीडीओ, स्वीप प्रभारी जगवीर शर्मा व एसआरजी रश्मि त्रिपाठी द्वारा अध्यापकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया व मतदान शपथ ग्रहण करायी गई।"मत देना हमारा अधिकार, बदले में न कोई उपहार" संदेश के द्वारा विधान सभा दादरी क्षेत्र में स्वीप के सदस्य महेश कुमार, जगवीर शर्मा, ललित त्यागी द्वारा तहसील में समस्त अधिवक्तागण को 26/4/2024 को होने वाले मतदान में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए जागरूक किया गया।



# जीएनआईओटी छात्रों ने आईआईटी दिल्ली में एनआई टूल्स का उपयोग करके प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पर कार्यशाला में लिया भाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आईआईटी दिल्ली में आयोजित "एनआई टूल्स का उपयोग करके प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग" पर दो दिवसीय कार्यशाला, 15-16 अप्रैल, 2024 ,जीएनआईओटी (जीआर नोएडा) में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्य क्रम था। कार्यशाला में ईसीई द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के 31 उत्साही छात्रों की भागीदारी को शामिल करते हुए उन्हें उनकी शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रा के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से लैस करना था। पहले दिन समर्पित समन्वयकों, डॉ. आस्था शर्मा और डॉ. मोनिका दीक्षित और दूसरे दिन डॉ. आस्था शर्मा और डॉ. विपिन शर्मा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने एक समग्र सीखने का अनुभव प्रदान किया।

पूरी कार्यशाला के दौरान, छात्र डेटा प्रवाह प्रोग्रामिंग, वर्चुअल इंस्ट्रूमेंट्स (श्क्र), और डेटा विश्लेषण टूल पर ध्यान देने के साथ, छुंश्क्र्ह प्रोग्रामिंग के विभिन्न पहलुओं में डूबे रहे। आकर्षक सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि विशेष रूप से परियोजना-निर्माण सत्रों के दौरान, अपनी सीख को लागू करने के व्यावहारिक अवसर भी प्राप्त किए। इन सत्रों ने छात्रों को गंभीर रूप से सोचने, वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, कार्यशाला ने छात्रों को इसरो के लिए विकसित सहित उद्योग-उन्मुख परियोजनाओं के प्रदर्शन के माध्यम से अपने कौशल के व्यावहारिक अनुप्रयोग को देखने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस प्रदर्शन ने न केवल विषय वस्तु के बारे में उनकी समझ को समृद्ध किया बल्कि उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विविध कैरियर पथ तलाशने के लिए भी प्रेरित किया।कार्यशाला को सफल बनाने में उनके अमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आयोजक विभाग के प्रमुख डॉ. मुकेश ओझा सहित प्रबंधन और निदेशक डॉ. धीरज गुप्ता को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे छात्रों और संकाय दोनों के लिए समान रूप से एक पुरस्कृत अनुभव की सुविधा मिली।



**चुनाव प्रचार**

## मुख्यमंत्री योगी ने बागपत लोकसभा सीट के लिए किया चुनाव प्रचार

# चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदीनगर मे चुनावी सभा मे कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, सीमाओं की सुरक्षा हो, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो, वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर, 12 लेन का एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम सहित तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।

**लोगों में उतावलापन दिख रहा**

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है। वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार चौधरी साहब को मोदी जी ने भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देकर हमारे यूपी का गौरव बढ़ाया है।

**गिनाईं उपलब्धियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को 4 साल से फ्री में राशन दे रहा है, वहीं भारत से अलग हुए पाकिस्तान में

**▶▶ गाजियाबाद के मोदी नगर में सीएम योगी ने की विशाल जनसभा**

**▶▶ बोले सीएम- अन्नदाताओं का उत्थान ही मोदी सरकार का विजन**

23 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जब हम अच्छा नेता चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। आज 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है, 50 करोड़ जनता का जनधन अकाउंट खुल चुका है, 12 करोड़ अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि और 12 करोड़ घरों में शौचालय के साथ ही 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

**श्रीराम के सूर्य तिलक ने पूरे देश को गौरवान्वित किया**

मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक को लेकर कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने पश्चिमी यूपी में सुरक्षा के लिए खतरा खड़ा कर दिया था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी, किसान के खेत से उसके ट्यूबवेल ही उखाड़ लिये जाते थे। हमारी सरकार ने 15 लाख निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने का प्रावधान किया है। चौधरी साहब के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हमने कह दिया है कि किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। सीएम योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है।

**कमल खिलाने के लिए बागपत में नल आवश्यक**



सीएम योगी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ राजकुमार सांगवान जी जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद। एक सामान्य कार्यकर्ता जिसने चौधरी साहब के समय से उनके मूल्यों और आदर्शों पर कायम रहे, उन्हें जिताने और देश में कमल खिलाने के लिए बागपत में नल आवश्यक है। इसके लिए आपको राजकुमार सांगवान बनना पड़ेगा। एक एक वोट को नल चुनाव चिह्न के साथ जोड़ना होगा।

इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, विधायक मोदी नगर डॉ मंजू सिवाच, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, लोकसभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, सांसद मलूक नागर, उमेश राणा, सूरज पाल, भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन, प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# गाजियाबाद भोवापुर-सीमांत विहार में सभी समाज के लोगों ने डॉली शर्मा को दिया समर्थन, किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जाति-धर्म से ऊपर उठकर कांग्रेस को वोट दें, मुझे पार्लियामेंट भेजें, आपको निराश नहीं करूंगीः डॉली शर्मा गाजियाबाद। गुरुवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने वार्ड नम्बर 21 भोवापुर सीमांत विहार में सर्वसमाज की आयोजित बैठक में शिरकत कीं। यह बैठक पाल समाज के मुखिया महकार सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई थी, जिसमें गुर्जर समाज, जाटव समाज, ब्राह्मण समाज के अलावा अन्य प्रमुख समाज के लोगों ने शिरकत किया और एक सुर में डॉली शर्मा को अपना समर्थन देते हुए उन्हें विजयी बनाने का संकल्प लिया।






इस मौके पर उन्हें एक कविता की तस्वीर और प्रमुख सामाजिक प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। यहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के जन-जन के विकास के लिए आप सभी भाई-बन्धुओं का समर्थन चाहिए। आप जाति-वर्ग-सम्प्रदाय की भावना से ऊपर उठकर कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन के साथियों का समर्थन करें और देश में सामाजिक समरसता को कायम करें। इस मौके पर पाल समाज से दौलत राम, रणवीर सिंह, रणजीत, ब्रह्मपाल, विजय प्रकाश पाल, जाटव समाज से ओमी जाटव, बबली जाटव, ब्रह्म सिंह, ब्राह्मण समाज से सुनील शर्मा, राजेश भारद्वाज और गुर्जर समाज से राजकुमार गुर्जर, अजयपाल गुर्जर, यशपाल गुर्जर, विजय वोदा, श्लेक राम, मनोज प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल , दो बदमाश पकड़े गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** थाना मसूरी में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ मसूरी थाना क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एक पिकअप वैन को जब रोकने की कोशिश की तो पिकअप चालक वाहन को मोड़कर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ कुल दो बदमाश पकड़े गए उनके कब्जे से 2 तमंचे, 3 कारतूस,1 पिकअप गाड़ी, 8 क्विंटल अवैध मांस और पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं ।अभियुक्त शहजाद के विरुद्ध 2



गौकशी, 3पशु कुरुता व1 मारपीट का कुल 6 अभियोग पंजीकृतहै, अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त के विरुद्ध मारपीट का 1 अभियोग पंजीकृत है

# अतुल गर्ग के प्रचार में सांसद मनोज तिवारी आएंगे खजूरी पार्क संजीव शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**साहिबाबाद (आशा चौधरी)।** साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संपर्क कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद व स्थानीय चुनाव संचालन टोली के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा बैठक की। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि आगामी 21 तारीख को खजूरी पार्क जनक पूरी साहिबाबाद में दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी की नुक्कड़ जनसभा शाम 5 बजे होनी निश्चित हुई है। राजेश्वर प्रसाद ने सभी से निवेदन करते हुए कहा कि अपने वार्ड और क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। इस बैठक में साहिबाबाद क्षेत्र के पार्षद गण एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।



# अतुल गर्ग को गांवों में धुंआधार प्रचार के दौरान मिल रहा भरपूर समर्थन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोनी विधानसभा के दर्जनों गांवों में दौरे के साथ मुरादनगर विधानसभा के युवा विधायक अजीत पाल त्यागी की अगुआई और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति के साथ में गॉव टीला,राजपुर, फरूखनगर, भनैडा, महमुदपुर, भूपखेडी, रेवडी, मेवला, सिरोली, मालीवाडा में लाला जी की चक्की के सामने नुक्कड़ सभा और जनसभा के दौरान योगिन्द्र मावी प्रदेश उपाध्यक्ष ओ०बी०सी मोर्चा, रविद्र भाटी, देवेन्द्र कसाना, मुनेश त्यागी,आनन्द कसाना पुत्र श्री श्रेयराम कसाना, जगभगवान कसाना, महेश प्रधान,जैनी बैसला मंडल उपाध्यक्ष, मोहित बैसला,कमल जाटव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एस०सी० मोर्चा आर०एल०डी आदि की देखरेख में संपन्न हुए। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि सुरेन्द्र नागर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन 2024 अबकी बार 400 पार के लिए मतदान वाले दिन एक-एक वोट देश के भविष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इसलिए अपना और परिवार का वोट सुबह 9 बजे से पहले डाले भी डलवाएं भी। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि चुनाव मैदान में भले ही हमको दल से योद्धा के रूप में उतारा हो मगर बूथ से मतदान कराने वाला ही होता है असल का योद्धा। क्योंकि बूथ जीता चुनाव जीता। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा भाजपा, गांव व गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। उन्ही लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 26 अप्रैल को भारी मात्रा में कमल का बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनानी है । अपना वोट राष्ट्रवाद के लिए करना है । कार्यक्रमों की सफलता के लिए भाजपा कार्यकर्ता और आरएलडी के कार्यकताओं का गठजोड़ प्रयास ऐतिहासिक जीत का मुख्य आधार बनता जा रहा है।





# महंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय

**23 अप्रैल को मंदिर में सुबह से रात्रि तक होंगे धार्मिक आयोजन**

अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में अग्रसेन बाजार स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला में 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महाराजश्री के पावन सानिध्य में सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर, प्राचीन त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर द्वारिका पुरी दिल्ली गेट व सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेड़ा मुरादनगर में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर चौपला की स्थापना को इस वर्ष 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। ऐसे में मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव और भी धूमधाम से मनाया जाएगा और उसमें देश के कई शहरों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। मंदिर के पुजारी ईश्वरए अनुपम व पंण रामलाल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए महाराजश्री की अध्यक्षता में सभी तैयारियां जोर.शोर से चल रही हैं। 23 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से हनुमान जी को चौला चढना प्रारंभ होगा। प्रातः 8 बजे जिया बैंड दिल्ली की प्रस्तुति होगी। प्रातः 9 बजे भजन होंगे। सायं 4 बजे से देव शहनाई दिल्ली की प्रस्तुति होगी। सांय 5 बजे से महिला मंडल द्वारा बधाई गीत गाए जाएंगे। गायिका भावना शर्मा की भजन संध्या होगी।

उसके बाद अमन रमन की भजन संध्या 7 बजे से शुरू होगी और रात्रि 9 बजे से श्री रामायण भवन हरि संकीर्तन सभा की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। फूलां द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार सभी के आकर्षण का केंद्र रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, डिप्टी मेयर राजीव शर्मा, सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, चौपला श्रृंगार समिति के सभी पदाधिकारी व भक्त सहयोग कर रहे हैं। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में महंत नारायण गिरि के पावन सानिध्य में हनुमान जी व भगवान राम की विशेष पूजा-अर्चना होगी।

पूजा-अर्चना श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य व विद्यार्थी करेंगे। हनुमान जी को चौला चढाया जाएगा। आरती-भोग के बाद प्रसाद का वितरण होगा। प्राचीन त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर द्वारिका पुरी दिल्ली गेट में महाराज जी की अध्यक्षता में महंत गिरिशानंद गिरि महाराज व महंत विजय गिरि महाराज द्वारा हनुमान जी की पूजा-अर्चना की जाएगी। सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेड़ा मुरादनगर में महाराज की अध्यक्षता में स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि, श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के आचार्य विकास कुमार पांडेय व नित्यानंद आचार्य हनुमान जी की पूजा-अर्चना व आरती करेंगे।

# डॉली शर्मा ने उदयरामपुर-नगला धौलाना मे जनसम्पर्क कर वोट मांगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उदयरामपुर, नगला, धौलाना में बैठक की और वहां मौजूद लोगों से मत समर्थन मांगी। उन्होंने कहा कि आपलोग मुझे एक बार जनसेवा का मौका दीजिए, फिर नेताओं के बारे में प्रचलित अवधारणा को उलटते हुए ऐसा कार्य करूंगी कि आपलोग भी उसे जीवन भर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि धौलाना किसान बहुल क्षेत्र है। यहां के किसानों की सभी समस्याओं से मैं अवगत हूँ। उन सभी समस्याओं को दूर करवाउंगी। खाद, बीज, बिजली, एलपीजी आदि के बढ़ते दामों को काबू में करूंगी। हमारी पार्टी ने जो किसान गारंटी दी है, उसे घर घर तक पहुँचाऊंगी। उन्होंने कहा कि किसानों के अलावा श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और सबकी हिस्सेदारी की जो गारंटी देने की योजना हमारी पार्टी बनाए हुए है, उसे ततपरता पूर्वक लागू करवाउंगी। जातीय जनगणना भी होगी। पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय भी मिलेगा। उन्होंने इस अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।





# लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, वाहन जांच में सख्ती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, वाहन जांच में सख्ती बरती जा रही है।

औरंगाबाद कोतवाल विनोद कुमार यादव भी सख्त नजर आ रहे हैं। औरंगाबाद थाना क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान औरंगाबाद थाना क्षेत्र में किसी वाहन से कोई भी आपत्तिजनक सामना बरामद नही हुआ है।

लेकिन वाहन चेकिंग अभियान को लेकर वाहन चालकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे कोतवाल विनोद कुमार यादव ने बताया कि निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।



# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 20 तथा 21 अप्रैल को "वॉकथान" का होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद गाजियाबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विविध प्रकार के कार्यक्रम जिला प्रशासन गाजियाबाद तथा सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं।

मतदाताओं का ध्यान आकृष्ट करने के लिए तथा सामाजिक लोगों को एक विषय पर एक पटल पर लाने की दृष्टिगत जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा 20 तथा 21 अप्रैल, दिन शनिवार एवं रविवार को प्रातः6बजे से 8बजे तक, चार किलोमीटर दूरी तय करने का लक्ष्य लेकर "वॉकथान" आयोजित करने जा रहा है।

जिसके लिए पंजीकरण आरंभ हो गए हैं क्यूआर कोड तथा लिंक के माध्यम से कोई भी व्यक्ति इस वॉकथॉन में हिस्सा ले सकता है।

20 अप्रैल को डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क से आरंभ होकर 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यहीं पर यह वॉक समाप्त होगी। प्रति किलोमीटर पर चलने वालों को अल्पाहार वितरण होगा तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं संगीत की धुन पर थिरकते हुए उनका स्वागत करेंगे। पंजीकृत चलने वालों को टी-शर्ट भी प्रदान की जाएगी और 4 किलोमीटर की दूरी तय करने वालों को मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

वॉकथान में पंजीकरण कराने हेतु पार्क के गेट पर तथा कॉलेज में लिंक भेज दिया गया है।

21 अप्रैल को स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरापुरम में इन्हीं सब गतिविधियों को पुनः कराया जाएगा कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ी, स्वयंसेवी संस्थाएं, स्थानीय नागरिक, जनपद स्तरीय अधिकारी गण तथा स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय इंद्र विक्रम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर वॉकथान को रवाना किया जाएगा।

# मुख्य परियोजना प्रबन्धक ने औचक निरीक्षण कर परखी हकीकत

**लखनऊ (आरएनएस)।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल यात्री सुविधा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने आज मुख्य परियोजना प्रबन्धक गतिशक्ति राघवेन्द्र कुमार व शाखाधिकारियों के साथ गोरखपुर स्थित न्यू कोचिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने न्यू कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते हुए प्रस्तावित नयी मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के निर्माण हेतु लेआउट प्लान के साथ संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होने डिपों में अनुरक्षण कार्य तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित अधिकारियों से अनुरक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली। भविष्य में आवश्यकता के अनुरूप अनुरक्षण उपकरणों का भण्डारण किये जाने एवं उनके उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए गुणवत्ता मानदंडों के सही प्रकार से पालन किये जाने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर,प्रथम, उपमुख्य इंजीनियर,गतिशक्ति, वरिष्ठ सीडीओ एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**आयोजन**

## लता भाटिया हमारे लिए प्रेरणा की स्रोत थी: वीना वोहरा

# योग कक्षा के स्थापना एवं लता भाटिया के स्मृति दिवस पर योग शिविर का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान जानकी वाटिका कक्षा के स्थापना दिवस एवं लता भाटिया के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य मे योग शिविर का आयोजन सन्त निवास,नेहरू नगर मे एवं ऑनलाइन गूगल मीट पर किया गया।

योग शिविर का शुभारम्भ ओ३म की ध्वनि और गायत्री मंत्र से योगी प्रवीण आर्य द्वारा किया गया तत्पश्चात साधकों द्वारा स्व लता भाटिया के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई। योगी प्रवीण आर्य ने हाथों,पैरों के सूक्ष्म व्यायाम,तितली आसन का अभ्यास कराया तथा इसके लाभों की चर्चा की। योग शिक्षक राम प्रकाश गुप्ता ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास चक्रों पर ध्यान कराते हुए कराया व इसके लाभों की चर्चा की,पश्चात शवासन में विश्राम कराया। वरिष्ठ योग शिक्षिका वीना वोहरा ने दीर्घश्वसन प्राणायाम, विरेचन क्रिया,आर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रीका का अभ्यास कराने के पश्चात पद्मासन में बैठाकर कपालभांति प्राणायाम चक्रों का ध्यान करते हुए बीज मंत्रों के साथ कराया और कहा इससे कण कण में ऊर्जा का संचार होता है,ब्रेन के सेल्स प्रभावित होते हैं।फिर बाह्य एवं आंतरिक कुम्भक लगवाया।उन्होंने कहा कि हमने स्व.लता भाटिया से जीवन में बहुत कुछ सीखा है यह हमारे प्रेरणा स्त्रोत रही हैं।लता भाटिया का प्रिय भजन "राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली"सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।वे 1992 से योग से जुड़ी हैं और इस कक्षा की शुरूआत 2014 में की थी।

योग शिक्षिका विभा भारद्वाज ने भी भावांजली रूप में लता भाटिया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

योगाचार्य नेतराम ने स्व. लता भाटिया की योग क्षेत्र में योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि मेरा उनसे 1998 में संपर्क हुआ था,उनकी सत्य वादिता,योग के प्रति लगन,बुलंद आवाज को देख नित्य प्रेरणा मिलती थी,उनके पति शांति स्वरूप भाटिया भी उनको पूर्ण सहयोग देते थे।उनके आदर्शों पर चलकर हम और भी आगे बढ़ सकते हैं।उन्होंने बीपी जैसे असाध्य रोगों को दूर करने हेतु अनुलोम-विलोम शांतमन से कराया और कहा इससे ऊर्जा बढ़ती है,नींद ना आने की समस्या को दूर करने के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया।





स्व लता के पति शांति स्वरूप भाटिया ऑनलाइन गूगल मीट पर जुड़े थे उन्होंने ऑनलाइन अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की स्व लता भाटिया अपने समय में संस्थान की महिला अध्यक्षा थीं,रोटरी क्लब में भी बढ़चढ़ कर कार्य करती थीं,अपने आप में पूर्ण हंसमुख स्वभाव की थी,आज भी ऐसे लगता है जैसे मेरे साथ ही हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन योगी प्रवीण आर्य ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री जॉली शर्मा, उमा शर्मा, वीना गुप्ता, डा प्रमोद सक्सेना, संजय खंडेलवाल, बिमला रानी, माला सिंह, नूतन वार्ष्णेय, दर्शना महता, मीनाक्षी अग्रवाल आदि मौजूद रहे। शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ सभा सम्पन्न हुई।

## जातीय सम्मेलनों व पंचायतों से प्रत्याशियों की नींद उड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा के चुनाव में इस बार मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट चुनाव में जातीय सम्मेलनों के कारण प्रत्याशियों की नींद उड़ा रखी है। आए दिन किसी न किसी का सम्मेलन या पंचायत करके किसी प्रत्याशी का विरोध तो किसी का समर्थन किया जा रहा है। हापुड़ जनपद की अपनी कोई लोकसभा सीट नहीं है लेकिन इस जनपद की तीन विधान सभा अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में होने के कारण इस जनपद के वोटर तीन सांसदों का भाग्य तय करते है।

जिसमें हापुड़ विधानसभा मेरठ लोकसभा क्षेत्र में धौलाना विधानसभा गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में तथा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित है। हापुड़ जनपद में इन दिनों जातीय सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। जिनमें अधिकांशों में वर्तमान सत्ताधारी दल मुख्यता भाजपा का किसी न किसी कारण से विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में त्यागी ब्राह्मण समाज के लोगों ने बीते सप्ताह एक बैंकट हाल में हापुड़ में सम्मेलन किया।

जिसमें त्यागी समाज ने भाजपा प्रत्याशी व पार्टी का विरोध व्यक्त किया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि त्यागी समाज के अधिकांश लोगों ने काफी समय से भाजपा में रहकर पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ भाजपा प्रत्याशी को जिताने का कार्य किया।

लेकिन भाजपा पार्टी ने त्यागी समाज को छलने का काम किया है। भाजपा ने किसी भी सीट से त्यागी समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इसके अलावा भाजपा संगठन में भी त्यागी समाज के लोगों को उच्च पदों पर आसीन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त बीते वर्ष नोएडा के श्रीकांत त्यागी प्रकरण में भाजपा सरकार ने काफी गलत व्यवहार किया। इस सम्मेलन में उस दल के प्रत्याशी को समर्थन दिया है जिसने त्यागी समाज के व्यक्ति को लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद 17 अप्रैल को धौलाना विधान सभा क्षेत्र में धौलाना कस्बे में क्षत्रिय महापंचायत की गई। इस महापंचायत में वक्ताओं ने वर्तमान सरकार के निर्णय का विरोध किया और कहा कि जो पार्टी क्षत्रिय समाज के लोगों के हितों के लिए कार्य करेगी। क्षत्रिय समाज भी उस प्रत्याशी को समर्थन दिया जाएगा। उन्होंनें कहा कि लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने क्षत्रिय समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है।

चुनाव के जानकारों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय, त्यागी समाज के मतदाता काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दोनों समाज प्रत्याशी की हार जीत के फैसले में अहम भूमिका निभाते है। इसके अलावा कई अन्य जाति भी सम्मेलन कर अपने निर्णय को तय कर रहे है। इधर, विभिन्न समाज के लोगों द्वारा की जा रही पंचायतों, सम्मेलनों से प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है। अब यह प्रत्याशी अपने वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए तिकड़मबाजी में लगे हुए है। प्रत्याशी जातीय सम्मेलनों के असरदार लोगों से संपर्क बनाने में जुटे हुए है।

# लोकसभा चुनावो के बीच होने वाले जातीय सम्मेलनों व पंचायतों से प्रत्याशियों की नींद उड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर लोकसभा के चुनाव में इस बार गाजियाबाद व मेरठ लोकसभा सीट चुनाव में जातीय सम्मेलनों के कारण भाजपा प्रत्याशियों की नींद उड़ा रखी है। आए दिन किसी न किसी का सम्मेलन या पंचायत करके किसी प्रत्याशी का विरोध तो किसी का समर्थन किया जा रहा है।

हापुड़ जनपद की अपनी कोई लोकसभा सीट नहीं है लेकिन इस जनपद की तीन विधान सभा अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में होने के कारण इस जनपद के वोटर तीन सांसदों का भाग्य तय करते है। जिसमें हापुड़ विधानसभा मेरठ लोकसभा क्षेत्र में धौलाना विधानसभा गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में तथा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित है। हापुड़ जनपद में इन दिनों जातीय सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। जिनमें अधिकांशों में वर्तमान सत्ताधारी दल मुख्यता भाजपा का किसी न किसी कारण से विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में त्यागी ब्राह्मण समाज के लोगों ने बीते सप्ताह एक बैंकट हाल में हापुड़ में सम्मेलन किया। जिसमें त्यागी समाज ने भाजपा प्रत्याशी व पार्टी का विरोध व्यक्त किया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि त्यागी समाज के अधिकांश लोगों ने काफी समय से भाजपा में रहकर पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ भाजपा प्रत्याशी को जिताने का कार्य किया। लेकिन भाजपा पार्टी ने त्यागी समाज को छलने का काम किया है। भाजपा ने किसी भी सीट से त्यागी समाज के व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इसके अलावा भाजपा संगठन में भी त्यागी समाज के लोगों को उच्च पदों पर आसीन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त बीते वर्ष नोएडा के श्रीकांत त्यागी प्रकरण में भाजपा सरकार ने काफी गलत व्यवहार किया। इस सम्मेलन में उस दल के प्रत्याशी को समर्थन दिया है जिसने त्यागी समाज के व्यक्ति को लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया है।

इसके बाद 17 अप्रैल को धौलाना विधान सभा क्षेत्र में धौलाना कस्बे में क्षत्रिय महापंचायत की गई। इस महापंचायत में वक्ताओं ने वर्तमान सरकार के निर्णय का विरोध किया और कहा कि जो पार्टी क्षत्रिय समाज के लोगों के हितों के लिए कार्य करेगी। क्षत्रिय समाज भी उस प्रत्याशी को समर्थन दिया जाएगा। उन्होंनें कहा कि लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने क्षत्रिय समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है।

चुनाव के जानकारों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय, त्यागी समाज के मतदाता काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दोनों समाज प्रत्याशी की हार जीत के फैसले में अहम भूमिका निभाते है। इसके अलावा कई अन्य जाति भी सम्मेलन कर अपने निर्णय को तय कर रहे है। इधर, विभिन्न समाज के लोगों द्वारा की जा रही पंचायतों, सम्मेलनों से प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है। अब यह प्रत्याशी अपने वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए तिकड़मबाजी में लगे हुए है। प्रत्याशी जातीय सम्मेलनों के असरदार लोगों से संपर्क बनाने में जुटे हुए है।

## लोकसभा चुनाव तैयारी: प्रेक्षक ने ईवीएम, वीवीपैट मशीन कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण में आगामी 26 अप्रैल को जिले की तीनों विधान सभा क्षेत्र में मतदान होगा।

जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण

### चुनाव शांतिपूर्ण,निष्पक्ष कराने हेतु मतदान कार्मिकों को दिये दिशा निर्देश





दिया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात लगाये गये प्रेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर मतदान कार्मिकों को चुनाव निष्पक्ष कराने हेतु दिशा निर्देश दिये।

साथ ही ईवीएम, वीवीपैट मशीन कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। आपको बता दें,कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए द्वितीय चरण में जनपद की हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर व धौलाना विधान सभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियों की जा रही है। शुक्रवार को मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक ने जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के साथ दिल्ली रोड स्थित एसएसवी इंटर कालेज में मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उन्होंने मतदान कार्मिकों को लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं दूसरी ओर गढ़ रोड स्थित नवीन मंडी स्थल पर ईवीएम व वीवीपैट की कमिशनिंग का कार्य चल रहा है। मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक ने नवीन मंडल स्थल पर पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व पार्किंग आदि के सम्बंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार एडीएम संदीप कुमार, डीडीओ देवेन्द्र प्रताप, एसडीएम शुभम श्रीवास्तव, सांक्षी शर्मा, बीएसए रीतु तोमर आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार : ए.के. शर्मा

**मोहम्मदी खीरी (लखीमपुर)।** 1 अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार... उदघोष के साथ ही नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने धौरहरा लोकसभा की मोहम्मदी विधानसभा में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मलेन में कार्यकताओं को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के लिए हो रहें चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी श्रीमती रेखा वर्मा जी के समर्थन में एकजुट होकर ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए जोश भरा। साथ ही लोकप्रिय सांसद रेखा वर्मा, मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, विधानसभा के प्रभारी, शक्ति केंद्र के संयोजकण और सभी उपस्थित कार्यकताओं का स्वागत किया।

मंत्री ने कहा कि हमें यह विश्वास है कि आप रेखा वर्मा जी को भारी मतों से जीता रहे हैं। उन्होंने कहा कि धौरहरा और मोहम्मदी में भाजपा की जड़ें केतकी के पेड़ सी मजबूत और गहरी हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने इस लोकसभा क्षेत्र में आते थे और साइकिल से पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते थे। साथ ही यह पं0 दीन दयाल उपाध्यक्ष का भी कार्य क्षेत्र रहा है। इस मिट्टी को नमन करते हुए आप सभी कार्यकताओं को भी नमन करता हूँ। भाजपा की जड़ें यहाँ इतनी मजबूत हैं कि इस जिले के पांचों विधानसभा के साथ ही लोकसभा पर कमल खिला हुआ है। रेखा वर्मा जी भी इस सीट से दो बार सांसद रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नाम का जो वट वृक्ष है, आपने उसे सींच कर इतना मजबूत बनाया है कि भाजपा रूपी वट वृक्ष सभी को शीतल छांव दे रहा, उसके लिए आप सभी को बधाई एवं शुभकामनायें।

उन्होंने कहा कि रेखा वर्मा जी का कद बहुत बड़ा है। आपको गर्व होना चाहिए कि आपका चुना हुआ सांसद राष्ट्रीय कार्यालय में बैठता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और आपके विद्यायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह जी भी बहुत पुराने आपके सेवक है, जिनको आपने दूसरी बार विधानसभा में जीत दिलाई थी। यह दोनों ही अपने क्षेत्र के कार्यों को लेकर हमेशा चिंतित ही नहीं बल्कि उन्हें जल्द पूर्ण करने कर लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि आपके सांसद जी नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कार्यों के लिए हमेशा उनसे संपर्क में रहते हैं। आपने जिस वट वृक्ष को सींचा है, लगाया है, उसको और भी मजबूत करने का समय आ गया है। जिन उद्देश्यों और सपनों को पूरा करने के लिए हमारे वरिष्ठों अपना पूरा जीवन लगा दिया, वे सपने आज साकार हो रहे हैं। चाहे वह कश्मीर का मामला हो, या राम मंदिर का हो। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे देखते हुए यह सपने पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मोदी के साथ 2002 से अधिकारी के रूप में कार्य किया है। तब से देख रहा हूं कि जो कार्यकर्त्ता उस समय मोदी जी से मिलने आते थे, उनमें से आज कई सांसद हैं, केंद्रीय मंत्री है, सांसद-विधायक है... यह भाजपा का संस्कार है। जहाँ सभी कार्यकताओं का सम्मान होता है और उसके काम कि भी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि कब कौन किस पद पर आ जायेगा यह किसी को पता नहीं होता, हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए।

आपने भाजपा रूपी जिस वट वृक्ष को सींचा है, उसकी कोई भी शाखा कमजोर नहीं होनी चाहिए। आप सभी को मालूम ही है कि अन्य दलों के लोग लोक लुभावन झूठे वायदे और लोगों को भ्रम में डालने का काम कर रहे हैं। लेकिन हमारा सिर्फ एक ही नारा होना चाहिए कि अबकी बार 400 पार। हम सभी को जनता के बीच जाकर उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में उन्हें याद दिलाना है ।

## फर्जी प्रपत्र बनाने वाले गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपदीय एसओजी व थाना हापुड़ देहात पुलिस ने फर्जी प्रपत्र बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश करने हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर

### 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, 4 फर्जी आधार कार्ड, दो मोबाइल व नगदी बरामद



लिया। जिनके कब्जे से 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र,4 फर्जी आधार कार्ड, दो मोबाइल फोन व नगदी बरामद की है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जनपदीय एसओजी व थाना हापुड़ देहात पुलिस की संयुक्त टीम ने क्लोन वेबसाइट के माध्यम से अपात्र लोगों के फर्जी प्रपत्र बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र,4 फर्जी आधार कार्ड, दो मोबाइल फोन व 1770 रुपये बरामद किये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सलीम पुत्र सलाउद्दीन निवासी ग्राम भाड़ेपुर थाना मवाना जिला मेरठ व प्रदीप चौहान पुत्र चंदन सिंह निवासी सेवा नगर सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद है।

## भाजपाईयों ने किया जनसंपर्क,अरुण गोविल के पक्ष में मतदान करने की अपील की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 में द्वितीय चरण के मतदान की तिथि निकट आते देख भाजपा प्रत्याशी व कार्यकर्ताओ ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। जनसंपर्क में कार्यकर्ताओं वोटरों से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान करने की अपील की रहे है।

भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने चंडी रोड,सराफा बाजार में दुकान दुकान जाकर व्यापारियों से आगामी 26 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार ने किस प्रकार देश में सर्व समाज के लिए कार्य किया है,संकल्प पत्र में रखे गये विषयों से व्यापारियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर विधायक विजयपाल आढ़ती, प्रफुल्ल सारस्वत, संजय कृपाल, कपिल एसएम, बिजेंद्र पंसारी, अशोक छारिया, श्यामेंद्र त्यागी, मोहन सिंह, डॉक्टर पायल गुप्ता, अलका निम, राहुल शर्मा, सुनील वर्मा, पवनगर्ग, मुदित गोयल, प्रशांत त्यागी, गौरव शर्मा, विनित दीवान, पूर्व विधायक जयप्रकाश, योगेंद्र पंडित, विनोद गुप्ता, सौदान सिंह, गोपाल शर्मा, राजेश सक्सेना, रोहतास यादव, शशांक गुप्ता, अमित सीवाल, महिपाल सिंह व सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वीप कार्यक्रम-2024

### 26 अप्रैल को मतदाता अपने वोट का प्रयोग जरूर करें: सीडीओ

## रंगोली व सेल्फी प्वाइंट से मतदान के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम 2024 में भारत स्काउट एवं गाइड जिला शाखा ने रंगोली व सेल्फी प्वाइन्ट से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

भारत स्काउट और गाइड जनपद जिला इकाई द्वारा उप जिलाधिकारी कार्यालय पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु माध्यमिक विद्यालयों की गाइड्स के द्वारा रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कालेज,रामनिवास बालिका इंटर कालेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज हापुड़ की छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया,तथा भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था हापुड़ की जिला सचिव श्रीमती पारुल त्यागी के द्वारा सुन्दर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया।







कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार का सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्तमयंक शर्मा तथा सहायक प्रादेशिक मुख्यायुक्त श्री सुबोध गुप्ता ने स्कार्फ तथा कैप पहनाकर स्वागत किया। भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था की जिला सचिव पारुल त्यागी का जिला संगठन आयुक्त गाइड नीता कौशिक के द्वारा कैप एवं स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने रंगोली का अवलोकन कर छात्राओं से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रश्न भी पूछे जिनका छात्राओं ने भली भांति उत्तर दिया,जिससे मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ ने छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी ली,साथ ही मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर भारत भूषण शर्मा, नीति शर्मा,पूजा गुप्ता, वंदना सिंह,किरण कुमारी, वैशाली आर्य,मुक्त सिंह,सुरेंद्र कुमार, नवीन कुमार,प्रदीप कुमार, राजकुमार,हर्ष कुमार, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## धौलाना पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा, अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशो को दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना थाना पुलिस ने तंमचे सप्लाई करने वाले दो तस्करों को दबोचने का दावा किया है। पुलिस ने दोनो बदमाशो को जेल भेज दिया है । पुलिस ने पकड़ में दोनो बदमाशो से 12 तमंचे

### धौलाना पुलिस की सतर्कता से दबोचे गए बदमाश

बरामद किए हैं। धौलाना थानेदार देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार को थाना पुलिस टीम गालंद नहर पुल के पास चेकिंग कर रही थी । इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को आता हुआ देख लिया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों बदमाशो ग्राम पिपलेहड़ा निवासी बिलाल और जाकिर कालोनी ग्राम पिपलेहड़ा थाना धौलाना निवासी सलीम को दबोच लिया। पूछताछ में दोनो बदमाशो ने बताया कि दोनों आन डिमांड शस्त्रों की सप्लाई करने का काम करते हैं। वह मेरठ और मुजफ्फरनगर से अवैध शस्त्रों को खरीदकर लाते थे और अन्य जिले में पांच से छह हजार रुपये में बिक्री करते थे।

## सम्पादकीय

# आरक्षण पर स्पष्टीकरण



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

केंद्रीय गृह मंत्री ने आस्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का समर्थन करती है।

न तो आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को करने देंगे। राजस्थान में अलवर जिले के गांव हरसोली में शुक्रवार को एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैला कर लोगों को गुमराह कर रही है।

अलवर लोक सभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित सभा में अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी पार्टी बताया। कहा कि यह बात इससे ही जाहिर हो जाती है कि कांग्रेस पार्टी ने सालों तक काका साहब कालेलकर रिपोर्ट को दबा कर रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी भाजपा ने किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं, और उनके 27 से ज्यादा मंत्री भी ओबीसी समाज से हैं। मात्र कुछेक दिनों के भीतर यह दूसरी दफा है, जब आरक्षण की बाबत सरकार की तरफ से आश्वस्ति देनी पड़ी है। कुछ ही रोज पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा।

आज बाबा साहेब भी आ जाएं तो आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता। दरअसल, सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ इस प्रकार की धारणा बना दी गई है कि वह मौका मिलते ही आरक्षण को खत्म कर सकती है। वैसे भी भाजपा के पूर्व अवतार जनसंघ को कांग्रेस पार्टी ने सवर्ण तबकों और व्यापारियों की पार्टी के रूप में प्रचारित कर दिया था। इस टैग से छुटकारा पाने के लिए उसे काफी मशक्कत करनी पड़ी।

आज भी दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में गाहे बगाहे उसे सवर्ण जातियों के हितों की सरपरस्त पार्टी बता दिया जाता है। भले ही यह दुष्प्रचार कहा जाए लेकिन इस मामले में भाजपा को रक्षात्मक होकर सफाई देनी पड़ती रही है, और यही विरोधी पार्टियों की सफलता होती है कि वे सत्तारूढ़ पार्टी और उसके घटक दलों को रक्षात्मक मोड में लाकर सफाई देने के लिए विवश कर दें। जिस प्रकार पहले प्रधानमंत्री और अब गृह मंत्री ने आरक्षण को लेकर स्पष्टीकरण दिए हैं, उनसे लगता है कि उन्हें इस नरेटिव से हो सकने वाले राजनीतिक नुकसान का अच्छे से भान है।

## आज का विचार

**अपने इरादों को मजबूत रखो, लोग जो कहते हैं उन्हें कहने दो, एक दिन वही लोग तुम्हारा गुणगान करेंगे.**

# नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी



**ललित गर्ग**

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है, प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं। राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता- इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं यौद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है। अड़तालीस घंटे की रोक अवधि पूरी होने के बाद सुरजेवाला फिर चुनाव प्रचार कर सकेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी कौन देगा कि आगामी दिनों में वे अपना बर्ताव संयत रखेंगे। वे अक्सर संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्व के कारण चर्चा में रहते हैं।

राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितान्त अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलो पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मयार्दा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मयार्दा को लांघा है। दरअसल, कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाजी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है, रसातल में धंसती जा रही है और सुरजेवाला जैसे नेताओं को सजा भी मिलती है।

पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निदेशों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। दरअसल, इस तरह के प्रकरणों में आचार संहिता से ज्यादा नेताओं की आचरण संहिता की जरूरत रहती है। महिला हो या पुरुष, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल कतई नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल आगे आकर पहल करें। आयोग से पहले खुद अपने ऐसे नेताओं पर सख्ती करे, जिनके विवादास्पद बयान चुनावी माहौल में जहर घोलने का काम करते हैं एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व पर आघात करते हैं।

लोकतंत्र का महापर्व चुनाव राजनीतिक दलों एवं नेताओं के भविष्य को निर्धारित करने का दुर्लभ अवसर है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। आखिर नेताओं को नफरत का बाजार सजाने की छूट क्यों हो? इस समस्या से निपटने के लिए ह्यहेट स्पीचह्व को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे दलों एवं उनके नेताओं के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। निश्चित ही यह विकृत एवं घृणित सोच वोट की राजनीति का हिस्सा बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति पर अविलंब अंकुश लगाने की आवश्यकता है ताकि इस समस्या को नासूर बनने से पहले ही इस पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाया जा सके। आजादी के अमृत-काल में राजनीतिक दलों में नफरत एवं उन्माद की आंधी को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों में विनाशकारी बोलों की बजाय निमार्णात्मक बोलों का प्रचलन बढे।



# शर्त तो थी,लम्हा लम्हा जीने की

शर्त तो थी,लम्हा लम्हा जीने की

चाहत थी आखरी सांस तक जीने
शर्त तो थी लम्हा लम्हा जीने की

आबरू बचा लूं तूफान से,
मेरे उस टूटे हुए सकीने की,
(सकिने - शांती)

दिल को तस्कीन सी मिली जाना,
बात जब भी तेरी किसी ने की
(तस्किन-तसल्ली)

शौक बन जाए न आजाब कहीं ,
अब आरजू है शराब पीने की
(आजाब- पीड़ा,दर्द)

मुझको संजीव गम नहीं इसका,
कीमत बेहद कम मिली पसीने की



**संजीव ठाकुर**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# दांत के साथ साथ जीभ की भी करें सफाई, वरना हो जाएगी कई बीमारियां, जानें 5 टिप्स

हर सुबह उठकर दांतों की सफाई करना अच्छा माना जाता है लेकिन अगर जीभ की सफाई को अनदेखा कर देते हैं तो खतरनाक हो सकता है। जीभ की सफाई करना बेहद जरूरी होता है। इससे ओरल हाइजीन बनी रहती है और कई समस्याओं से आप बच जाते हैं। जीभ की सफाई न करने पर मुंह से बदबू आने लगती है। कई ओरल प्रॉबलम्स हो सकती है। बैक्टीरिया कई गंभीर बीमारियों को पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यहां जानिए जीभ की सफाई करने के कुछ टिप्स।

**जीभ की सफाई में दही भी काफी अच्छा विकल्प माना जाता है। इससे गंदगी और सफेद परत अच्छी तरह साफ हो जाती है। दरअसल, दही में प्रोबायोटिक्स और लैक्टिक एसिड पाई जाती है। एक चम्मच दही लेकर जीभ पर लगाएं और ब्रेश के पिछले हिस्से से साफ करें।**

**नमक और सरसों तेल**


जीभ साफ करने के लिए नमक काफी अच्छा माना जाता है। इसके लिए थोड़े से नमक में सरसों की तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और जीभ पर लगाएं। इसके बाद ब्रश के पिछले हिस्से से जीभ पर हल्के हाथों से रगड़कर जीभ पर जमी गंदगी को साफ करें।

**दही**

जीभ की सफाई में दही भी काफी अच्छा विकल्प माना जाता है। इससे गंदगी और सफेद परत अच्छी तरह साफ हो जाती है। दरअसल, दही में प्रोबायोटिक्स और लैक्टिक एसिड पाई जाती है। एक चम्मच दही लेकर जीभ पर लगाएं और ब्रश के पिछले हिस्से से साफ करें।

**बेकिंग सोडा और नींबू रस**

बेकिंग सोडा जीभ की गंदगी की अच्छी तरह सफाई करता है। थोड़ा सा बेकिंग सोडा लेकर उसमें नींबू का रस मिला लें। इसे पसे्ट बनाकर फिंगर टिप की मदद से जीभ पर मसाज करें। कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें। इससे जीभ अच्छी तरह साफ होगा।



वेजिटेबल ग्लिसरीन

जीभ की साफ-सफाई में वेजिटेबल ग्लिसरीन भी काम आ सकता है। इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लेकर जीभ पर रखकर ब्रश से साफ करें। इसके बाद गर्म पानी से कुल्ला करें। जीभ अच्छी तरह साफ हो जाएगा।

**हल्दी**

जीभ साफ करने में कई घरेलू उपायों में से एक हल्दी भी है। हल्दी पाउडर में नींबू का थोड़ा सा रस मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे जीभकर पर लगाकर फिंगर टिप से मसाज करें। कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** प्राइवेट नौकरी में आपकी प्रतिभा के अनुसार तरक्की होगी, डिफेंस, पुलिस के क्षेत्र में प्रमोशन भी सम्भव है, बुजुर्ग को भूलने की समस्या सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-76

**वृषभ** पार्टनरशिप व्यवसाय में थोड़ा संघर्ष आयेगा, घरेलू मसलों पर भी ध्यान दे, मकान दुकान लेने का सोच सकते है। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** करियर की उन्नति के लिए कोई कोर्स कर सकते है, फिजियोथेरेपी,डेंटिस्ट की प्रेक्टिस चलेगी,आढ़त, तंबाकू, फल व्यवसाय से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-64

**कर्क** अकाउंट, जीएसटी, सेल्स सबंधित क्षेत्र से आर्थिक लाभ होगा, नया वाहन लेने का विचार बनेगा, व्यवसाय में अच्छी सेल होगी। भाग्य प्रतिशत-76

**सिंह** मकान का बेनामा करवा सकते है, धन जोड़ने में आसानी होगी, नए विवाह में दूरीया बढ़ सकती है, इनको कम करने का प्रयास करे। भाग्य प्रतिशत-77

**कन्या** मेडिकल, सर्जिकल, प्रॉपर्टी कार्य से धन लाभ होगा, सर में परेशानी,बीपी का भी ध्यान रखें, बात बात पर क्रोध बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला** व्यवसाय को सेट करने में आसानी होगी, जो रिस्क लेंगे उसका शुभ परीणाम मिलेगा, दान भी देंगे, पत्नि की इच्छा पूरी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-81

**वृश्चिक** वकील है तो मुकदमे की अच्छी फीस मिलेगी, आत्मविश्वास बढ़ेगा, विदेश सेटलमेंट का रास्ता भी बनेगा, मकान लेने में मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-78

**धनु** परिवार के साथ बाहर घूमने जा सकते है, पति पत्नि में प्रेम बढ़ेगा, पूजा आदि भी करवा सकते है, ट्रेजरी, गुप्त रोग डॉक्टर कार्य पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-75

**मकर** मन अस्थिर होने से बचाए, मकान लेते समय सावधानी बरते, माँ के स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे, कमाने के अन्य साधन खोजेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ** मानसिक कष्ट बढ़ेगा, निर्णय लेने में परेशानी होगी जिसका असर काम पर पड़ेगा, सरकारी कार्य में भागदौड़ रहेगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** रिस्क लेकर काम शुरू कर सकते है, नौकरी में सीनियर से सीधे टकराव से बचें, तय रिश्ते में विवाद सम्भव है, संतान को हल्की स्वास्थ्य समस्या रहेगी। भाग्य प्रतिशत-52



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर आक्षेप है

भारतीय शिक्षा व्यवस्था दुनिया की वृहद व्यवस्थाओं में से एक है। लगभग साढ़े छब्बीस करोड़ विद्यार्थी, जो स्कूल योग्य उम्र के कुल बच्चों का चौहत्तर फीसद है, भारतीय स्कूलों में नामांकित हैं। इस व्यापक व्यवस्था के बनने में कई ऐतिहासिक पड़ाव रहे हैं, जो फिलहाल पौने तेरह करोड़ लड़कियों और पौने चौदह करोड़ लड़कों को शिक्षा प्रदान करती है। इसमें कुल स्कूलों की संख्या करीब चौदह लाख है, जिसमें साढ़े बाईस फीसद निजी स्कूल हैं। इसमें अगर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के बीच के अंतर को नजरअंदाज भी कर दें, जो प्राइमरी स्कूलों की संख्या (लगभग बारह लाख) का मात्र साढ़े बारह फीसद (लगभग डेढ़ लाख) है, तो भी लगभग सात करोड़ विद्यार्थी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्यनरत हैं। यह संख्या एक बड़े व्यापार को ग्राहक मुहैया कराती है, जो ट्यूशन और कोचिंग के नाम से एक नए तंत्र की संरचना करती है। साथ ही, उच्च शिक्षा के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाएं और नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं भी इस व्यापार को उर्वर जमीन मुहैया कराती हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सत्ताईस फीसद और शहरी क्षेत्रों में अड़तीस फीसद विद्यार्थी माध्यमिक स्तर पर ट्यूशन या कोचिंग ले रहे हैं। पिछले केवल चार वर्षों (2018 से 2022 ) में निजी ट्यूशन केंद्रों की संख्या में बारह फीसद की बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा आकलन के अनुसार कोचिंग का बाजार लगभग अट्ठावन हजार करोड़ रुपए का है, जिसके 2028 तक एक लाख चौतीस हजार करोड़ रुपए का हो जाने का अनुमान है। इन आंकड़ों के बीच कई प्रश्न उठते हैं।

मसलन, क्या इन कोचिंग केंद्रों की बढ़ती संख्या मौजूदा शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर आक्षेप है ? इन केंद्रों में ऐसा क्या पढ़ाया जाता है जो स्कूलों और महाविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जा रहा है ? ज्ञान के ऐसे कौन-से सोपान और घटक हैं, जो स्कूली या इसके संस्थानीकरण में छिटक और इन ट्यूशन और कोचिंग केंद्रों द्वारा समेटे जाते हैं? इन केंद्रों में पढ़ाने वाले अध्यापक कौन-सी शिक्षण विधि अपना रहे हैं, जिससे सौ फीसद अधिगम होने की संभावना रहती है और यह शिक्षण विधि हमारे स्कूली और महाविद्यालयी अध्यापकों से क्यों अच्छूती रहती है ? क्या स्कूलों और महाविद्यालयों में संरचनागत ढांचों और संसाधनों का ऐसा अभाव है, जहां कारगर शिक्षण अधिगम नहीं हो पा रहा है ? अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात भी 1:27 है, फिर किन वजहों से पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि और मूल्यांकन की संस्थागत प्रक्रियाएं वह ज्ञान और शिक्षा विद्यार्थियों को मुहैया नहीं करा पा रही हैं, जिनके लिए उन्हें ट्यूशन और कोचिंग की राह पकड़नी पड़ती है ?

क्या स्कूल और तमाम शिक्षा के केंद्र, ज्ञान के किसी ऐसे स्वरूप से अनभिज्ञ हैं, जो उसे अधिक वांछनीय और उपयोगी बनाता है? परीक्षाएं अगर ज्ञान के वस्तुनिष्ठ स्वरूप को वैध करार देती हैं, तो यह वस्तुनिष्ठता क्या स्कूल द्वारा पोसी नहीं जाती है? और अगर वस्तुनिष्ठता का पोषण इन वैध शिक्षण संस्थाओं में होता है, तो कोचिंग या ट्यूशन केंद्र जैसे राज्येतर कारक शिक्षा और ज्ञान को लेकर ऐसा व्यापक हस्तक्षेप कैसे कर पा रहे हैं? क्या यह ज्ञान के उत्तर-



**विजय गर्ग**

आधुनिकीकरण का संकेत है, जहां ज्ञान का सूचना मात्र में तब्दील हो जाना है और यह कोचिंग संस्थान बखूबी कर पाते हैं और ज्ञान / सूचना के रटने के नवाचारी तरीके इजाद कर लेते हैं, जो स्कूल या महाविद्यालय में संभव या वांछनीय नहीं है। अभी तीन दशक पहले तक जो विद्यार्थी ट्यूशन पढ़ते थे उनकी अकादमिक क्षमता कमतर मानी जाती थी और ट्यूशन या कोचिंग को निदानात्मक ज्ञान केंद्र के रूप में ही मान्यता थी। बाजार के उदारीकरण के साथ ही ज्ञान और शिक्षा के उदार स्वरूप ज्ञान ने एक 'वस्तु' का आकार ले लिया, जिसका विनिमय निश्चित शुल्क के साथ किया जा सके। वैसे तो ज्ञान कभी भी मुफ्त और निशुल्क नहीं रहा। सदा राज्य के संरक्षण पर आश्रित रहा है, पर इस नवउदारीकरण के दौर में ज्ञान और इसका वस्तुकरण एक सुनिश्चित 'गारंटी के साथ आने लगा, जिसकी बानगी उन लंबे-चौड़े होडिंगों पर देखी जा सकती है, जिनमें विद्यार्थियों के चित्र उनकी सफलता और उपलब्धि के साथ घोषित करते हुए यह आश्वासन देते हैं कि अगर आप हमारी संस्था में कोचिंग लेंगे, तो अगला चित्र आपका होगा।

इस पूरी प्रक्रिया ने ज्ञान का वह स्वरूप निर्मित किया, जिसमें ज्ञान के रचे जाने के वैयक्तिक उपक्रम को रटे जाने मात्र से विस्थापित कर दिया। साथ ही एक और नया बाजार रचा, जिसमें कुछ खाद्य पदार्थ और पेय बुद्धि लब्धि बढ़ाने और मेमोरी चार्जर (स्मृति आवेशक) होने का दावा करने लगे। इन सब सुविधाओं से परिपूर्ण होने पर अगर छात्र सफल नहीं होता तो यह व्यवस्था की नहीं, उसकी निजी विफलता मानी जाती है। 2021 के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार उस वर्ष तेरह हजार विद्यार्थियों ने इस 'विफलता' के चलते आत्महत्या की। यानी प्रतिदिन पैंतीस विद्यार्थी जीने की इच्छा खो देते हैं।

यह पूरी व्यवस्था इतनी विकट बन चुकी है कि सरकार को विधेयक लाकर नियमन करना पड़ा कि सोलह वर्ष से कम आयु के विद्यार्थी को किसी भी कोचिंग केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा, पर इस तरह के औपचारिक नियम और अधिक गैर विधिक प्रक्रियाओं को जन्म देंगे। 'सा विद्या या विमुक्तये' की पौराणिक सूक्ति को भारतीय शिक्षा विमर्श में न जाने कब सफलता और नौकरी की गारंटी में अनूदित कर दिया गया! शिक्षा और ज्ञान के डिजिटलीकरण ने भी एक भिन्न दुनिया की रचना की है। मशीनी मेधा के युग में मानवीय मेघा की प्रतियोगिता अब दूसरे मानव से न होकर मशीन से हो गई है। शिक्षा की मशीनी प्रक्रिया शायद हमें सक्षम और सफल भले बना दे, पर इससे निर्मित होने वाली मनुजता को हम अवश्य खो देंगे।

इन तमाम परीक्षा, सफलता आश्वासन केंद्रित संस्थानों ने सारे ज्ञान को 'सामान्य ज्ञान' में बदल दिया है। विशिष्ट ज्ञान और समझ को व्यक्तिगत समझकर खारिज कर दिया है। ज्ञान के इस वाणिज्यीकरण से गलाकाट प्रतियोगिता तो पनप सकती है, पर 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का दर्शन नहीं। यह वाणिज्यीकरण ज्ञान और सत्य के एकाकार को भी चुनौती देता है और सत्यान्वेषण को भी शिक्षा और आर्थिक गतिशीलता के सह संबंध को सामाजिक मान्यता पहले से प्राप्त है। कोचिंग और ट्यूशन केंद्र उसे नैतिक मान्यता प्रदान करते हैं। शिक्षा और ज्ञान के साहचर्य से होने वाले अन्योन्याश्रित व्यक्ति और व्यक्तित्व के विकास को नजरअंदाज कर ज्ञान का वाणिज्यीकरण ज्ञान को मात्र ज्ञान या सूचना भर मान लेना स्थापित करता है। स्कूलीकरण, शिक्षा और ज्ञान हमारे निर्णय और चयन की क्षमता में संवर्धन करते और इसके बरक्स रटंत ज्ञान केवल एक सुनिश्चित तरह का प्रदर्शन या अदाकारी सिखाता है। ज्ञान और ज्ञाता, अधिगम और व्यवहार का ऐसा विछोह इस संकट को और गहराएगा और इस वाणिज्यीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाएगा।

# शांतिपूर्वक हुआ मतदान प्रशासन ने ली राहत की सांस, गांव रसूलपुर गुजरान के ग्रामीणों ने नहीं किया मतदान,तीन मतदाताओं ने डाले वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्वक हुआ,क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान में वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर हुए हंगामें के बाद मुकदमों में राहत ना मिलने से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया गया। चुनाव बहिष्कार की सूचना पर एमएलसी विरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से मिलकर चुनाव के बहिष्कार को वापस लेने के लिए कहा। मगर ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस नहीं लिया। जिसके चलते पूरे गांव में मात्र तीन वोट ही पड सकी। भाजपा नेता मनीष चौहान ने ग्रामीणों के सामने ग्रांड सामने हाथ जोड़कर मतदान करने की अपील की।

















शुक्रवार को क्षेत्र में साथ बजते ही पोलिंग बूथों पर मतदाता उत्साह के साथ मतदान सल्फर पहुंचे, अधिकारियों ने चैंकिंग के बाद दाखिल किया।वर्ष 2019 में क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चैधरी के पक्ष में बम्पर मतदान किया था। गांव में एक तरफा वोटिंग की शिकायत पर पहुंचे प्रशासन के साथ ग्रामीणों की झडप हो गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने 31 ग्रामीणों के खिलाफ मतदान को प्रभावित करने का अभियोग पंजीकृत करा दिया था। परिणाम के बाद प्रदीप चैधरी 92 हजार वोटों से चुनाव जीतकर सांसद निवार्चित हो गए थे। ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर 01 रसूलपुर में गांव के बूथ संख्या 163 व 164 लगते है। दोनों बूथों पर 2050 वोट है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने 90 प्रतिशत से अधिक का मतदान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया था। अधिक मतदान हो जाने के कारण किसी के द्वारा बूथ पर कब्जा करने की शिकायत कर दी गई थी। जिस पर गांव में बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे थे। सूचना पर एमएलसी वीरेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे। प्रशासन की सख्ती के बाद वहां हंगामा हो गया था। जिस पर प्रशासन ने 31 ग्रमीणों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए थे। जिसके बाद कई बार सांसद प्रदीप चैधरी के पास जाकर बताया था कि जिन लोगों पर अभियोग पंजीकृत किए गए है, उसमें से कई लोग चुनाव वाले दिन गांव में नही थे, ग्रामीणों के ऊपर प्रशासन ने फर्जी अभियोग पंजीकृत कराए है। जिस पर सांसद से उनको कोई भी ठीक ढंग से आश्वासन नही दिया था। जिसके बाद से ग्रामीणों में सांसद प्रदीप चैधरी के प्रति रोष था। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद एक भी बार सांसद प्रदीप चैधरी कभी गांव में नही आए थे। जिसके चलते गांव में शुक्रवार की सुबह शुरू हुए मतदान के बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का मन बना लिया। सुबह के समय बूथ संख्या 163 पर दो वोट डलने के बाद सभी ग्रामीणों ने चुनाव के बहिष्कार का निर्णय ले लिया। जिसकी सूचना पर एमएलसी विरेन्द्र सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, मनीष चैहान सहित अन्य नेताओं के साथ एसडीएम सदर विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने मौके पर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। किन्तु ग्रामीणों ने उनकी बात को मानने से इंकार कर दिया। जिसके चलते पूरे दिन में गांव में मात्र ती वोट ही पड सकी। ग्रामीणों को मनाने के लिए एडीएम, एसडीएम सादर, एडिशनल एसपी, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान, सहित आधी के द्वारा मनाने पर भी ग्रामीण अपनी जिद्द पर अड़े रहे।

**पिंक बूथ पर सेल्फी लेते नजर आए युवा**

नगर के मौहल्ला सरावज्ञान के बूथ संख्या 287 को इस बार प्रशासन ने पिंक बूथ बनाया था। पिंक बूथ बनाने के साथ ही बूथ पर सेल्फी प्वांइट बनाए गए थे। जहां पर युवक व युवतियां वोट डालने के बाद अपनी सेल्फी लेते हुए नजर आए। देर शाम पांच बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि होनी शुरू हो गई। तेज हवाओं के कारण पिंक बूथ में लगा टेंट उखड कर गिर गया। बूथ पर उस समय ज्यादा भीड ना होने के कारण कोई हादसा नही हुआ। 10 मिनट बाद बारिश रूकने पर मतदान केन्द्रों पर फिर भी नगर वासी पहुंचने शुरू हो गए।

**एडीजी ने किया बूथों का निरीक्षण**

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव के अंतिम समय एडीजी डी के ठाकुर नगर में पहुंचे तथा बूथों का निरीक्षण किया। बूथों पर एडीजी के पहुंचने के बाद प्रशासन एक दम हरकत में आ गया, तथा पोलिंग बूथों पर सख्ती बढ गई, तथा वोटों की जांच की जाने लगी। एडीजी ने नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज, राजकीय महिला स्नात्तकोतर महाविद्यालय, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज के साथ अन्य पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया।

**चुनाव शांतिपूर्वक होने पर प्रशासन ने ली राहत**

नगर एवं क्षेत्र में प्रथम चरण के मतदान के दौरान सुबह 7:00 से ही मतदाता मतदान स्थल पर पहुंचने शुरू हो गए, दोपहर के समय गर्मी अधिक होने के कारण मतदाताओं की पोलिंग बूथों पर कमी महसूस नजर आई।

दोपहर बाद एक बार फिर से मतदाता भारी संख्या में पोलिंग बूथ पर नजर आए, क्षेत्र में किसी तरह की कोई भी किसी तरह की कोई भी घटना नहीं हुई। मतदान शांति पूर्वक होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। मतदान कर्मियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन

# आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान से सामान खरीदने गई महिलाओं ने दुकानदार पर लगाया अभद्रता का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बीते गुरुवार की शाम नगर के पसरट्टा बाजार स्थित आर्टिफिशियल

**दुकानदार व परिवार के लोगो के बीच हुई मारपीट, मामला पहुंचा थाने, मुकदमा दर्ज**

ज्वेलरी की दुकान से सामान खरीदने गई महिलाओं व दुकानदार के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई बात इतनी बड़ गई की सामान खरीदने आई महिलाओं ने दुकानदार द्वारा अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए अपने परिवार के सदस्यों को फोन कर बुलालिया जिस



पर गुसाए परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दुकानदार व परिवार के लोगों के बीच हाथापाई हो गई मामला थाने पहुंच गया दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर अभद्रता व मारपीट करने का आरोप लगाते रहे काफी देर तक नगर के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा समझौते का प्रयास भी किया गया लेकिन काफी देर समझाने के बाद भी कोई समझौता नहीं हुआ जिस पर पुलिस ने घटना की सीसीटीवी फुटेज देखते हुए व दोनो ही पक्षों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# समाजसेवी संजीव कुमार और मनोरमा श्रोती ने किया कन्या पूजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** समाजसेवा और धार्मिक कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले बागपत के प्रमुख समाजसेवी संजीव कुमार और उनकी धर्मपत्नी मनोरमा श्रोती ने अपने घर पर

**- कन्याओं के पूजन से माता रानी प्रसन्न होती है और उनकी विशेष कृपा से सुख व समृद्धि प्राप्त होती है - मनोरमा श्रोती**

कन्याओं का पूजन कर उनको भोजन कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मनोरमा श्रोती ने बताया कि जिस घर में कन्याओं का पूजन होता है उस घर में माता रानी का वास होता है और माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। कहा कि नवरात्रों में कन्या पूजन के बिना नवरात्रों का



व्रत अधूरा माना जाता है और व्रत का सम्पूर्ण फल प्राप्त नही होता। संजीव कुमार ने बताया कि कन्या पूजन में कन्याओं की उम्र 2 वर्ष से अधिक और 10 वर्ष तक होनी चाहिए। कन्या पूजन में कन्याओं की संख्या कम से कम 9 होनी चाहिए। इसके अलावा एक बालक भी कन्या पूजन में शामिल होना चाहिए। बताया कि जिस प्रकार मां की पूजा के समय भैरव जी उपस्थिति अनिवार्य होती है उसी प्रकार कन्याओं की पूजा के समय बालक रूप में हनुमान जी की उपस्थित अनिवार्य होती है। कहा कि जिस घर में कन्याओं का सम्मान किया जाता है ऐसे घर में भगवान स्वयं वास करते है। संजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मां-बाप अपनी बेटियों के लिए अच्छी शिक्षा, अच्छे भोजन, अच्छे रहन सहन की व्यवस्था करें और उनको भरपूर प्यार दे और माता रानी का चमत्कार देखे। कहा कि जिस घर में बेटियों का सम्मान होता है उस घर को माता रानी सुख व समृद्धि से भर देती है।

# भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान ने किया मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (जावेद अब्बासी)।** राष्ट्रीय लोक दल और भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त



प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान ने अपने गांव कुटबी पहुंचकर परिवार के साथ मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान ने सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी हरेंद्र मलिक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने हम पर पत्थर चलवाए लेकिन जब वह हमारे गांव में आए तो हमने उनका स्वागत कराया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हार का रोष है और खिसियानी बिल्ली खंबा नोंचती है। भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान ने कहा कि गंदे और मन गढ़त आरोप लगाते हैं और पिछले दो महीने से वह आरोप लगा रहे हैं चुनाव में व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं लेकिन मैं किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता हूं।

# बागपत लोकसभा में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में चारु चौधरी ने किया रोड शो

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** पहले चरण के मतदान के साथ प्रत्याशियों ने दूसरे





चरण के मतदान के लिए प्रचार प्रसार भी जोर शौर से हुआ। जिसमें बागपत लोकसभा से लोकदल प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में शुक्रवार को रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह के पत्नि चारू चौधरी ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के सरूरपुर व रोहटा क्षेत्र में रोड शो निकला। इस दौरान चारू चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मतदाताओं से कहा कि पहले की तरह आपसी प्यार और भाईचारा कायम रहे और चौधरी साहब की सीट पर विरासत बरकरार बनी रहनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं का हाथ मिलाकर अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि है वह क्षेत्र लोगों में आपसी प्यार और भाईचारे देखने आई है और उन्हें उम्मीद है कि इस कसौटी पर पहले की तरह ही खरे उतरेंगे। वही, दूसरी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद ने भी मुसलमानों को इज्जत की दुहाई देते हुए कहा कि उनकी लाज रख लेना और उन्होंने लोगों से प्यार भाईचारे के नाम पर गठबंधन को वोट देने की अपील की। चारू चौधरी के रोड शो के दौरान रोड पर जाम की स्थिति भी बनी रही। रोहटा, हर्रा, खिवाई, मीरपुर कैथवाडी, सरूरपुर, करनावल भूनी दबथुवा आदि में में कई जगह उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा और रालोद के संयुक्त रूप से सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरधना ब्लॉक के मढ़ीयाई गांव में बनाए गए मॉडल बूथ की खूबसूरती की कमिश्नर ने की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** मुजफ्फरनगर लोकसभा के



अन्तर्गत सरधना विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र मढ़ीयाई में स्थित मॉडल बूथ का मेरठ मंडल की आयुक्त सेल्वा कुमारी द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर सभी सुविधाए दुरुस्त पाई गई। कमिश्नर ने मॉडल बूथ की खूबसूरती को देख कर जमकर सराहना की। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा मॉडल बूथ को बहुत ही अच्छे तरीके सजाया गया मतदाताओं की सुविधाओ के लिए मतदाता सहायता केंद्र भी बूथ में बनाया गया था जहां पर मतदाताओं की सहायता हेतु बीएलओ उपलब्ध रहें। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी सरधना ठाकुर बीपी सिंह और एडीओ पंचायत सुनील कुमार द्वारा भी बूथ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शादाब खान ग्राम विकास अधिकारी अजय त्यागी मौजूद रहें।

**कार्यशाला** | फोटोग्राफी वर्कशॉप में पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखा क्रिएटिवीटी इन फोटोग्राफी

# सुभारती में आयोजित हुई क्रिएटिव फोटोग्राफी की कार्यशाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी

**कैनन इंडिया और सुभारती पत्रकारिता विभाग की संयुक्त कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी फोटोग्राफी की बारीकियाँ**

सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजन में क्रिएटिव फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विभागों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी फोटोग्राफिक रचनात्मकता को निखारा। कैनन इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अन्य विभागों एवं पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की बारिकीयाँ सीखने को मिलीं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव, अंतर्दृष्टि और तकनीक से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। डिजिटल कैमरों और उपकरणों का उपयोग करके फोटोग्राफी के गुर सिखाए गए। जानेमाने फोटोग्राफी ट्रेनर वीरेंद्र सिंह अधिकारी ने कार्यशाला की शुरूआत कैमरों के परिचय के साथ की। जिसमें उनकी विशेषताओं, क्षमताओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों ने डिजिटल फोटोग्राफी के बारे में अपनी समझ को बढ़ाते हुए विभिन्न कैमरों की विशिष्टताओं और कार्यात्मकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रतिभागियों को आश्चर्यजनक तस्वीरें खींचने में मदद करने के लिए रचनात्मक फोटोग्राफी तकनीक और युक्तियां साझा कीं। इसके साथ ही वीरेंद्र ने फोटो ग्राफी का रचना सिद्धांत, प्रकाश तकनीक, क्षेत्र की गहराई का उपयोग और फ्रेमिंग आदि विषयों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को अपने फोटोग्राफिक कौशल को बढ़ाने के लिए विभिन्न रचनात्मक दृष्टिकोणों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यशाला ट्रेनर और वरिष्ठ फोटोग्राफर वीरेंद्र सिंह अधिकारी ने कहा कि



फोटोग्राफी में आपकी रचनात्मकता की झलक देखने को मिलती है। हम कितना रचनात्मक सोचते हैं और उसे कैसे दूसरों को फोटो के जरिए दिखा सकते हैं, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मानसिक रूप से आप कितने रचनात्मक हैं और फोटो खींचते समय आपकी मनःस्थिति कैसी है। उन्होंने आगे कहा कि लोग आपकी फोटो में आपकी कलात्मकता और रचनात्मकता को देखते हैं। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी का ग्रामर समझना बहुत जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वीडियोग्राफी का मूल आघार फोटोग्राफी ही है। उन्होंने छात्रों से शॉट कम्पोजिशन सही करने पर जोर दिया। साथ ही फोटोग्राफी के नवोन्मेषी तकनीकों की जानकारी भी जरूरी है।

कार्यशाला में बोलते हुए कैनन इंडिया के पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के प्रभारी तकनीकि विशेषज्ञ जितेंद्र कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी में रचनात्मकता के साथ-साथ तकनीक के समावेश से और ज्यादा निखार आता है। आज हमारे पास अत्याधुनिक कैमरे हैं जिसमें कई प्रकार की सेटिंग्स होने से हर व्यक्ति फोटोग्राफी कर सकता है, परंतु एक अच्छी फोटो वही खींच सकता है जिसके पास तकनीक के साथ-साथ फोटोग्राफीक सेंस(फोटो को समझने व समझाने) का नजरिया होगा।

इस कार्यशाला का प्रारंभ पारंपरिक रूप से अतिथि वक्ताओं वीरेंद्र सिंह अधिकारी व जितेंद्र कुमार के साथ पत्रकारिता विभाग के प्रो. अशोक त्यागी, राम प्रकाश तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह, मधुर शर्मा, शैली शर्मा, फाइन आर्ट कालेज के शिक्षक लक्की त्यागी, दिवाकर कुमार आदि द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

इस कार्यशाला का संचालन बीएजेएमसी की छात्राओं मनीषा कुमारी व गरिमा पांडेय के द्वारा किया गया,जबकि यह कार्यशाला पत्रकारिता विभाग की सहायक आचार्य डॉ. प्रीति सिंह के संयोजन में आयोजित की गई। इस दौरान डॉ प्रीति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से निश्चित तौर पर विद्यार्थी अपनी फोटोग्राफी को बेहतर बनाने में सफल हो सकेंगे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कृषि स्टार्टअप पर हुआ एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ (आरएनएस)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमेंट ( MANAGE ) एवं डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर, बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में "कृषि स्टार्टअप हितधारक कनेक्ट - सहयोग एवं साझेदारी को बढ़ावा देना" विषय पर एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर के डायरेक्टर डॉ० दामोदरन तुकाराम मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर विशिष्ट अतिथि व उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (UPCAR) , लखनऊ के डायरेक्टर जनरल डॉ० संजय सिंह , डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स प्रो० एस० विक्टर बाबू, आईसीएआर - भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ० एल० एस० गंगवार, नाबार्ड लखनऊ के जनरल मैनेजर श्री विनोद कुमार , हॉर्टिकल्चर



विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो० दीपा एच० द्विवेदी एवं आईआईआईटी लखनऊ की डॉ० मधुलिका उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई । इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम प्रो० दीपा एच० द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं MAN-AGE - CIA हैदराबाद के इनोवेशन मैनेजर श्री सिद्धार्थ ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी दी। इसके पश्चात प्रो० संजय कुमार ने सभी को विश्वविद्यालय एवं इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। आईसीएआर - सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर के डायरेक्टर डॉ० दामोदरन तुकाराम ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में सुधार एवं बदलाव हेतु नये प्रयासों की आवश्यकता है। छात्र केंद्रित गतिविधियों द्वारा एवं कृषि और किसान कल्याण के क्षेत्र में कार्य करके जमीनी स्तर पर किसानों के स्तर को सुधारा जा सकता है। उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (UPCAR) , लखनऊ के डायरेक्टर जनरल डॉ० संजय सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि आज के समय में कृषि में भी सतत विकास की आवश्यकता है। इसीलिए नये - नये सुझावों पर कार्य करते रहना चाहिए, जिससे इस क्षेत्र में भी रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके।

डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स प्रो० एस० विक्टर बाबू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उत्पाद एवं उपयोग कर्ता को ध्यान में रखते हुए हमें दीर्घकालिक प्रभाव के लिए भी कार्य करना चाहिए। इसके अतिरिक्त जैविक खेती का प्रयोग करके फसलों की उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है।

# देश में हो रहा बदलाव दुनिया के लिए बना कौतूहल और आश्चर्य का विषय: सीएम योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- सीएम योगी ने अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के गजरौला में जनसभा को किया संबोधित
- सीएम बोले- देश को विकसित, आत्मनिर्भर और ग्लोबल लीडर के रूप में आगे बढ़ाने के लिए जनता जर्नादन की भागीदारी अहम
- पाक में खाने के लाले पड़े और देश में 80 करोड़ को दिया जा रहा फ्री राशन: योगी आदित्यनाथ

**अमरोहा।** अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश में वर्ष 1947 में विभाजन के दौरान पाकिस्तान का भूभाग ज्यादा था जबकि वहां आबादी कम थी। वहीं आज पाकिस्तान की आबादी करीब 23 से 24 करोड़ है, फिर भी वहां खाने के लाले पड़े हैं। जबकि आज भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले 4 वर्षों से फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। यह बदलते और नए भारत की तस्वीर को दशार्ता है। अब हमें विकसित भारत,



आत्मनिर्भर भारत और ग्लोबल लीडर के रूप में आगे बढ़ने के लिए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करनी है, ताकि तीसरी बार फिर मोदी सरकार को देश का नेतृत्व सौंपकर अपना कर्तव्य निभाएं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के गजरौला में आयोजित जनसभा में कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की।

**देश में हो रहा बदलाव अद्भुत और अभूतपूर्व**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के शिल्पी के रूप में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण सभी को प्राप्त हो रहा है। इतना ही नहीं, दुनिया में 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव बढ़ा है। वर्तमान में देश में जो परिवर्तन हो रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। यह परिवर्तन दुनिया के लिए कौतुहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत करने के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का काम किया है। साथ ही, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाएं इसकी मिसाल हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह सब जनता जर्नादन के लोकतांत्रिक मूल्यों के इस्तेमाल से संभव हो पाया है। ऐसे में एक बार फिर आपको अपने वोट के जरिये देश को सशक्त और मजबूत सरकार देनी है। वहीं यह सब सिर्फ मोदी सरकार दे सकती है। देश में चारो ओर मोदी सरकार की गूंज सुनायी दे रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इसे साकार किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लों, विधायक महेंद्र खड़गवंशी, राजीव तरारा, हरेंद्र सिंह तेवतिया, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका प्रतिनिधि ने नारियल फोड़कर किया हॉटमिक्स सड़क का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर चन्दौसी को बेहतर बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष की ओर से पूरे प्रयास किये जा रहे है। चन्दौसी को चांद सी बनाने के लिए हॉटमिक्स द्वारा सड़कों का निर्माण कराया जा रहा जिसका पालिका प्रतिनिधि हिमांशु गुप्ता द्वारा नारियल फोड़कर कार्य को प्रारंभ किया गया। हिमांशु गुप्ता ने कहा कि सड़कों पर बेहतर सामग्री का प्रयोग नहीं होने पर सड़के कुछ ही दिनों में उखड़नी शुरू हो जाती है।

इसके बाद ठेकेदार गारंटी अवधि के नाम पर अस्थाई पेंच वर्क कर इतिश्री पूरी कर लेते हैं। जिस कारण सड़क लंबे समय तक नहीं चल



पाती है।

उन्होने कहा कि सड़क बनाते समय ठेकेदार गुणत्ता नियंत्रण का पालन सख्ती के साथ कराया जाएं तो निश्चित ही सड़क जल्दी खराब नहीं हो पाएंगी। सबसे बड़ी बात यह है कि जिम्मेदार विभाग पूरी ईमानदारी के साथ गुणवत्ता मानक चेक करने के साथ ही नियमित रूप से सड़क निर्माण का निरीक्षण करें तो सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री प्रयोग नहीं कर पाएंगे जिससे सड़क लंबे समय तक टूट नहीं पाएंगी।

# नगर में आज निकाली जाएगी भव्य बजरंगी यात्रा, कई दिन पूर्व से की जा रही थी तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** श्री बजरंगी सनातन समूह द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज नगर मे भव्य बजरंगी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां कई दिन पूर्व से की जा रही थी यात्रा सायं 5 बजे रघुनाथ आश्रम से प्रारंभ होगी। इस बार यात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा बजरंगबली का भव्य फूलडोल रथ है। रथ पर बाबा बजरंगबली अपने दिव्य स्वरुप में विराजमान होंगे व नगर भ्रमण करेंगे। संगठन कार्यकारिणी ने चन्दौसी शहर के सभी भक्तों को इस शोभपूर्ण भव्य बजरंगी यात्रा में भारी संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है

# किशोर न्याय बोर्ड मे लीगल एड लॉयर की भर्ती के इंटरव्यू की तिथि घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय बोर्ड मे लीगल एड लॉयर के दो पदों हेतु आवेदन मांगे गए थे। उक्त पैनल लायर के पदों पर इंटरव्यू की तिथि 23.अप्रैल 2024 निर्धारित की गयी है व समय 03:00 बजे नियत किया गया है। समस्त आवेदक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो। इंटरव्यू जनपद न्यायालयए संभल स्थित चंदौसी में सम्पन्न होंगे।

# प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के बुनियादी विकास के लिए जियो-स्पेशल डाटाबेस का निर्माण कार्य पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के बुनियादी विकास हेतु जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किये गए प्रदेश के समस्त 75 जिलो के सभी 783 नगरीय निकायों के नगर मानचित्र एवं उनके 14,455 वार्डों के जियो-स्पेशल डाटाबेस को श्रीमती शीतल वर्मा निदेशक जनगणना कार्य ने प्रदेश के स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक श्री नितिन बंसल को हस्तगत किया। यह जियो-स्पेशल डाटाबेस शहरी अवसंरचना के विकास, भू-प्रशासन, बैंकिंग और वित्तीय आर्थिक गतिविधियों, जल, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति सेवायों आदि के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी है। समस्त नगर निकायों के नगर एवं वार्ड सीमाओं के जियो-स्पेशल मानचित्र तैयार करने का कार्य नगरीय निकायों का परिसीमन 2021-2022 के पश्चात निर्धारित अद्यतन सीमाओं के अनुसार किया गया। यह डाटाबेस राष्ट्रीय विकास, आर्थिक समृद्धि और विकसित हो रही डिजिटल / सूचना आधारित अर्थव्यवस्था के समर्थन हेतु भू- स्थानिक क्षेत्रक को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई नागरिक केन्द्रित नीति राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति-2022 (NGP-2022) के आलोक में तैयार किया गया है। भू-स्थानिक आंकड़ो को एक ऐसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे एवं सूचना स्त्रोत के रूप मे स्वीकार किया जाता है, जो अपने सिद्ध सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय मूल्यो के साथ सरकारी प्रणालियों, सेवाओ एवं दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास प्रयासो को समान आधारभूत संदर्भ फ्रेम के रूप मे ह्यस्थानह्व का उपयोग करके एकीकृत करने मे सक्षम बनाता है। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय, नई दिल्ली के निदेर्शों के अंतर्गत पूरे प्रदेश के शहरी ढांचे के राष्ट्रीय भू-स्थानिक डाटाबेस के निर्माण करने हेतु राज्य के सभी 783 नगरीय निकायों के 14,455 वार्ड सीमाओं के जियो-स्पेशल वार्ड मानचित्र बनवाने का निर्णय लिया। इस हेतु स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश से संपर्क किया गया विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के उपरांत कार्य योजना का निर्धारण हुआ। जियो-स्पेशल डाटाबेस तैयार करने हेतु प्रदेश के समस्त नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों/प्रतिनिधियों को राज्यस्तरीय प्रशिक्षण स्थानीय निकाय के सभागार लखनऊ में दिनांक 10 एवं 11 अगस्त, 2023 को भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली के विषय विशेषज्ञों द्वारा दोनों निदेशालयों के निदेशकों एवं अन्य अधिकारियों की देख-रेख में दिया गया । नगर निकायों के स्तर पर वांछित तकनीकी मैनपावर की अनुपलब्धता एवं तकनीकी पहलुओं पर हुए संवाद तथा पायलेट प्रोजेक्ट के फीडबैक के आधार पर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत निर्णय हुआ कि जनगणना कार्य निदेशालय के तकनीकी मैनपावर को जिला सूचना विज्ञान केंद्र (ठक्ठ) पर भेजकर संबन्धित नगर निकायों के अनुभवी स्टाफ द्वारा गूगल मैप पर चिन्हित किए गए नगर निकायों एवं वार्ड सीमाओं की सीमा का उपयोग कर जियो-स्पेशल वार्ड मानचित्र (सहित) को तैयार करने में अधिशाषी अधिकारियों/प्रतिनिधियों को सहयोग किया जाये।


# चार दिन बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट, पीड़ित परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** बहजोई थाना धनारी में क्षेत्र के गांव में चार दिन पहले नाबालिग किशोरी के साथ हुई थी घटना पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज।

थाना क्षेत्र के गांव भकरोली निवासी का

**पीड़ित का आरोप, ए एस पी से की फरियाद तो मिली दुत्कार**



आरोप है कि 16अप्रैल सुबह लगभग चार बजे मेरी वेटी मीनू ( काल्पनिक नाम )घर के पास बने घेर से सटे खेत में शौच के लिए गई वही गांव के तीन व्यक्तियों ने उसके साथ मुंह काला किया और कहा की किसी को बताया तो जानसे मार देंगे और वहां से भाग गये, आरोप है कि लडकी हाथ में कपड़े लेकर जैसे तैसे घर आई और घर में बेहोश होकर गिर गई।

होश आने के बाद उसने परिजनों को अव बीती सुनाई परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची और जानकारी हासिल कर थाने आने को कहा पीड़ित जब थाने पहुचा तो कहा की बहजोई जाओ जब बह बहजोई ए एस पी को अपवीती सुनाई तो पीड़ित ने बताया की बहा से उसे भगा दिया गया, पीड़ित का कहना है कि अव मेरी बेटी से शादी कोन करेगा।

पीड़िता के पिता ने बताया कि मेरी बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती और दौड़ में दो बार पदक हासिल कर चुकी है,मेरी बेटी उसी दिन से सदमे में हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर उसे इंसाफ नहीं मिला तो मोदी, योगी का दरवाजा खटखटाएंगे।

**बर्जन:**

मेंने गांव व मोहल्ले में जानकारी ली ऐसा कोई मामला नहीं है,यह आपसी रंजिश व मुकद्दमा वाजी का मामला है,यह झूटा केश है, गैंगरेप के मामले में पूरा देश हिल जाता है,ऐसा कुछ भी नहीं है: नरेश कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी धनारी।

# जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने प्रधानमंत्री मोदी के अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में आज हुए चुनावी भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज मोदी जी मोहम्मद शामी की तारीफ भरे मंच से कर रहे हैं जबकि 2021 में इन्हीं के लोग थे, और इन्हीं की बोई नफरत की सियासत थी जब पाकिस्तान से हुए एक मैंच में अच्छी गेंदबाजी न कर पाने के कारण मोहम्मद शामी को गद्दार तक घोषित कर दिया गया था।

भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए।राय ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में भारत की भोली भाली जनता को छलते हैं। वो यूरिया के बढ़ते हुए दामों पर चर्चा तो नहीं करते मगर अमेरिका से तुलना जरूर करते हैं। प्रधानमंत्री जी यह भूल जाते हैं कि अमेरिका की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय 19415 रुपए है, वहीं भारत की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय मात्र 620 रुपए है।

यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि महंगाई से पीड़ित आम आदमी के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय प्रधानमंत्री विकसित देशों का उदाहरण देकर बच निकलने का रास्ते देखते हैं। प्रधानमंत्री यह नहीं बताते कि क्यों यूपी में गन्ने की कीमतें 360 रुपये प्रति कुन्तल पर अटकी हुई हैं? क्यों अगल बगल के राज्यों जैसे हरियाणा में 391 रुपये प्रति कुन्तल, पंजाब में 386 रुपये प्रति कुन्तल, से भी बहुत कम क्यों हैं? प्रधानमंत्री यह भी नहीं बता पर रहे कि क्यों पिछले 3 वर्षों में खेती की बढ़ती लागत से खेती का क्षेत्रफल लगभग 4000 हेक्टेयर कम हो गया है? प्रधानमंत्री इस सवाल पर भी मौन हैं कि क्यों गन्ना किसानों का भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है। ,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पीएम मोदी अपने भाषण में सामाजिक न्याय की बात तो करते हैं लेकिन जाति जनगणना के नाम पर चुप्पी साध लेते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब अम्बेडकर का जिक्र तो किया लेकिन इन्ही की पार्टी के सांसद और नेता संविधान बदलने की बात कह रहे हैं, जो ये दर्शाता है कि यह सिर्फ बाबा साहब अंबेडकर का नाम राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए इस्तेमाल करते रहें हैं।

# संभल में तीरन्दाजी अकादमी का हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। शुक्रवार को खेल मैदान सिंहपुर साहनी संभल में तीरंदाजी अकादमी का उद्घाटन समारोह किया गया ।

भारतीय किसान यूनियन शंकर के युवा जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने बताया कि इस अकादमी के खुलने से क्षेत्र के एवं

**उद्घाटन में पहुंची डिप्टी स्पोर्ट्स प्रमिला भारती व जिला ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा**

जिले के बच्चों को खेलों के माध्यम से अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा ! एवं क्षेत्र में अकादमी के खुलने से बच्चे खेलों में रुचि लेंगे । अकादमी के कोच वरुण धनोआ सन 2021 में खेलो इंडिया में चयनित होने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी है ! इस दौरान समारोह में मिंकू चौधरी जिला उपाध्यक्ष, जिला खेल अधिकारी प्रमिला, जिला ओलंपिक सचिव आशु, महिपाल सिंह, मास्टर राजवीर सिंह, चेतन चौधरी, होमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिक्षिका मीना बेगम, ग्राम प्रधान सिंहपुर सानी गिरिराज सिंह, कोच भोले त्यागी, कोच राघवेंद्र सिंह, पलक मलिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, स्वस्तिका राष्ट्रीय खिलाड़ी, पुरुषोत्तम राष्ट्रीय खिलाड़ी, नैतिक राष्ट्रीय खिलाड़ी, विश्वास शर्मा, महेंद्र सैनी, हरद्वारी लाल गौतम



**भंडाफोड़** अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन शातिर चोर पुलिस ने किये गिरफ्तार

# पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार एक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को थाना कैलादेवी पुलिस द्वारा

**चोरी की 10 मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार**

थाना कैलादेवी पर पंजीकृत चोरी हुई मोटरसाइकिल वढ38अ8553 व एक अन्य मोटरसाइकिल उ्छ3रउ्फ7516 के साथ अभियुक्त विकास शर्मा पुत्र अमरीश शर्मा.रविशंकर पुत्र पिरथीपाल निवासी गण ग्राम भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम अपने साथी तीन. प्रशान्त पुत्र भीमसैन निवासी भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल (बिजली मोटर रिपेयरिंग मित्री) व चार.अंकित पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल के साथ मिलकर अलीगढ, गाजियाबाद, सम्भल व आस पास के जनपदों से मोटर साइकिलें चोरी करते है तथा इन चोरी की मोटरसाइकिलों को कम दामों पर खरीदारों को बेच दिया करते थे। हम इन चोरी की गयी मोटर साइकिलों को प्रशान्त उपरोक्त की दुकान के पीछे बेचने के लिए इकठ्ठा करके खड़ी कर देते है,जिनकी निगरानी व देखभाल प्रशान्त व अंकित करते है। अभियुक्तों की निशादेही पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक मय पुलिस टीम के मौके पर जाकर अभियुक्तों द्वारा बताये गये स्थान जहाँ पर अंकित उपरोक्त को चोरी की हुई मोटरसाइकिलों की निगरानी करते मौके से गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त प्रशान्त मौके से



फरार हो गया।गिरफ्तार अभियुक्त.विकाश शर्मा,रविशंकर,.अंकित की निशादेही पर आठ अन्य चोरी की मोटर साइकिलों को बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त विकास शर्मा पुत्र अमरीश शर्मा निवासी ग्राम भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल।.

रविशंकर पुत्र पिरधीपाल निवासी ग्राम भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल।

अंकित पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल।

जबकि इनका एक साथी प्रशान्त पुत्र भीमसैन निवासी भटौला थाना कैलादेवी जनपद सम्भल। पुलिस को देख मौके से फरार हो गया है पुलिस अभियुक्त की तलाश में जुटी है।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूब चुके इंडी गठबंधन के हर एक नेता पर घोटाले का आरोप : ब्रजेश पाठक

**फिरोजाबाद/ लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को पार्टी के फिरोजाबाद लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के नामांकन में पहुँचे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का धरातल खिसक चुका है। आज तक वह संयुक्त रैली नहीं कर सके हैं, सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर औपचारिकता पूर्ण कर ली है।

प्रथम चरण में जिन 102 सीटों के लिए मतदान हो रहा है, उनमें जनता जाति, धर्म और मजहब से उठकर भारतीय जनता पार्टी को वोट कर रही है और कमल का बटन दबा रही है। यूपी में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में लोगों का भाजपा के प्रति उत्साह है। हमारी जनता और कार्यकताओं से बात हुई है। भाजपा को अपार जन समर्थन मिल रहा है।

कहा कि जो राम के अस्तित्व को नकारते थे आज वे भी राम राम की रट लगाये हुए हैं। इनसे सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि, ये चुनावी राम भक्त बने हुए हैं। केवल चुनाव तक ही ये भजन गायेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के दलदल में डूब चुके इंडी गठबंधन के हर एक नेता पर घोटाले का आरोप है। ये 12 लाख करोड़ के घपले में आरोपी हैं, जो जेल जा रहा है उसे जमानत भी नहीं मिल रही है।

इंडी गठबंधन के बाहर घूम रहे ज्यादातर लोग बेल पर हैं। जनता को ये केवल बरगलाकर वोट लेना चाहते हैं, लेकिन 2014 में इनकी विदाई कर चुकी जनता 2024 में भी इन्हें आने नहीं देगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा सपा, बसपा और कांग्रेस अपने परिवार की समृद्धि के लिए चुनाव मैदान में है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार देश के 140 करोड़ नागरिक है। जिनकी समृद्धि के लिए मोदी काम कर रहे है। परिवारवाद और जातिवाद को देश की जनता नकार चुकी है। उत्तर प्रदेश में खिलने वाले 80 कमल 400 कमल की मजबूत माला बनाने का काम करेंगे। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और गारंटी के साथ देश को आर्थिक महाशक्ति बनायेंगे, सभी को आत्मनिर्भर बनाएगें और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने पत्रकार वार्ता कर अपना विजन बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली** । पश्चिमी दिल्ली लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने आज अपने लोकसभा कार्यालय द्वारका में एक प्रेस वार्ता कर के पत्रकारो को अपना विजन बताया और कहा कि मैंने अपना रोड़ मैप तैयार कर रखा है की जीतने के बाद प्राथमिकता से कोन कोन से कार्य पहले प्राथमिकता के आधार पर करने है। कमलजीत शहरावत ने पत्रकारों से रूबरू होकर पत्रकारों के तीखे सवालो के जवाब भी बहुत सरलता से दिये और कहा की मेरा जीवन कोरी किताब है कमलजीत शहरावत ने अपना जीवन परिचय भी दिया उन्होंने कहा की मोदी की गारंटी ही हमारी गारंटी है जिस गांरटी पर सारा देश विश्वास करता है उन्होंने अपनी प्रेस वार्ता में दोहराया की भाजपा 370 और ठऊअ 400 पार सीटें लेकर आ रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार होगा और देश जल्दी ही आत्म निर्भर भारत बनेगा और पूरे विश्व में भारत का डंका बजेगा।इस प्रेस वार्ता में उनके साथ पश्चिमी जिला मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह अमर और नजफगढ़ जिला मीडिया प्रभारी पंकज सिंह सहित रजनीश दिवान भी मोजूद रहे।




# तत्क्षण मर्डर मिस्ट्री के साथ प्रेम कहानी भी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** हिंदी सिनेमा जगत नित नये प्रयोग के लिए जाना जाता है ।इसी क्रम में उ०प्र०शासन की मंशा के अनुरूप भूर्व ग्रुप, लखनऊ द्वारा निर्मित हिंदी फीचर फिल्म तत्क्षण पूर्ण रूप से लखनऊ उ०प्र० में छायांकित फिल्म है तथा इस फिल्म के गीत, संगीत के कलाकार भी उत्तर प्रदेश से ही है। फिल्म तत्क्षण रहस्य,रोमांच एवं थ्रिलर से भरपूर फिल्म है। फिल्म तत्क्षण का प्रीमियर लखनऊ के प्रसिद्ध लूलू मॉल के पीवीआर सिनेमा ऑडी-8 में आज सम्पन्न हुआ तथा दिनांक 19/04/2024 से तत्क्षण फिल्म पूरे भारत में दर्शकों के मनोरंजन हेतु सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। फिल्म में विक्रांत राय, पल्लवी सिंह, गौरव सिंह, रूचि सिंह राठौर, आकांक्षा पांडेय, मुस्कान लालवानी, नेहा आहूजा, आकाश पांडेय एवं सुमित सागर मुख्य भूमिका में हैं एवं फिल्म के निर्देशन व लेखक- वैभव वर्मा, संगीत- चार्मिंग बॉय (सतीश कुमार) द्वारा किया गया है ।एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर- राजेश द्विवेदी, एडिटर- अनुराग सिंह, लिरिक्स- शालिनी सजल, सिंगर- विराज त्रिपाठी, कृष्टि सिंह (प्रतिमा वर्मा) द्वारा किया गया है ।फिल्म के निमार्ता- प्रेम मोहन पांडेय द्वारा बताया गया है कि यह इनकी प्रथम फिल्म है और उ०प्र० सरकार द्वारा फिल्म के छायांकन एवं अन्य तैयारियों में भरपूर सहयोग प्रदान किया गया है। हिंदी फिल्म तत्क्षण की शूटिंग लखनऊ में हुई है। तत्क्षण की कहानी एक मर्डर मिस्ट्री है, जिसमें मुख्य किरदार में एक्टर विक्रांत राय और एक्ट्रेस पल्लवी सिंह हैं। फिल्म का निर्देशन वैभव वर्मा ने किया हैं।



वैभव वर्मा पहले बीआर चोपड़ा के प्रोडक्शन में बतौर लेखक काम कर चुके हैं। फिल्म की कहानी तीन महिला किरदारों (धृति, मायरा और उर्वी ) पर केंद्रित है, जो स्वयं को पुलिस से बचाने के लिए, पहले हत्या जैसा जघन्य अपराध करती हैं, हलांकि वह हत्यापरिस्थिति वश करती हैं, किन्तु बाद में सबूत मिटाने के चक्कर में एक के बाद एक अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होती जाती हैं। फिल्म निमार्ता प्रेम मोहन पांडेय हैं। लखनऊ की शालिनी सजल ने फिल्म को गीतों से सजाया है। फिल्म की शूटिंग चिनहट, गोमतीनगर, शहीदपथ, चौक, अलीगंज सहित कई जगहों पर हुई है ।

# मोदी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में विकास के आयाम स्थापित हुए : रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)** । हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि देशभर में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है। बच्चा-बच्चा तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का

**भाजपा उम्मीदवार ने नलवा क्षेत्र के गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान-**

संकल्प लेकर भाजपा के पक्ष में जुटा है।

रणजीत सिंह शुक्रवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने चौधरीवास, गावड़ बासड़ा, गोरछी व सरसाना सहित अनेक गांवों में प्रचार अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां विकास ना हो रहा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार ने ऐसे असंभव कार्य भी कर दिखाए हैं, जिनकी विपक्ष तो कभी सोच भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाना, राम मंदिर मामले का शांतिपूर्वक हल निकलवाना जैसे अनेक ऐसे मसले हैं, जिनका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है।



हिसार लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि दौरे के दौरान रणजीत सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष भूपसिंह, अनवेष यादव, संजीव गंगवा, बलवंत बूरा, कृष्ण सरसाना, चेयरमैन अजय गावड़, रविंद्र गंगवा, रामचंद्र, रविंदर रॉकी, नरेंद्र रोहिल, सुरेंद्र आर्यनगर, बलवान चौधरीवास, सोनू चारनौंद, कैमरी सरपंच ओमप्रकाश व जगत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपना दल एस, बीजेपी, रालोद ( एनडीए ) की हुई समन्वय बैठक मे प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताने का लिया गया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ** । महानगर अपना दल एस , भाजपा और रालोद ( एनडीए ) की समन्वय बैठक भाजपा लोकसभा कार्यालय हालवासिया कोर्ट हजरतगंज में संपन्न हुई जिसमे लोकसभा प्रत्याशी रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह को प्रचण्ड बहुमत से जिताने के लिए रणनीति योजना व आगामी होने वाले चुनावी कार्यकर्मों पर चर्चा हुई। बैठक का आयोजन बीजेपी नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ । कार्यक्रम में लखनऊ महापौर श्री मती सुषमा खरकवाल जी , विधान परिषद सदस्य बीजेपी व लोकसभा संयोजक मुकेश शर्मा , अपना दल एस राष्ट्रीय सचिव युवा व लोकसभा प्रभारी महानगर संजीव सिंह राठौर , अपना दल एस नगर अध्यक्ष अरुण वर्मा , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अपना दल एस पोनू पटेल , रालोद राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दूबे , बीजेपी नेता पुष्कर शुक्ला व कार्यालय प्रमुख उमेश तिवारी साथ ही अपना दल एस , रालोद व बीजेपी के राष्ट्रीय ,प्रदेश व ज़िले के पदाधिकारी मौजूद रहे । कार्यक्रम में एनडीए के सहयोगी दलों द्वारा भारी संख्या में मतदान व लखनऊ लोकसभा को प्रचंड बहुमत से जिताने का संकल्प लिया गया।




# अब कृषि विवि में चखिए श्री अन्न से बने व्यंजन का स्वाद

**कुमारगंज/अयोध्या (आरएनएस)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा श्री अन्न से तैयार स्वादिष्ट उत्पादों का स्वाद अब सभी चख सकेंगे। इसकी बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस विक्रय केंद्र का उध्द्घाटन कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने किया। मुख्य परिसर स्थित

**कुलपति ने किया विक्रय केंद्र का उद्घाटन, बाहरी लोग भी कर सकते हैं खरीदारी**

भारतीय स्टेट बैंक के बगल में इस केंद्र का निर्माण किया गया है। इस केंद्र से मोटे अनाज से बने निर्मित उत्पादों के अलावा मौसम आधारित उत्पादों का भी लोग आनंद ले सकेंगे। सामुदायिक महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने बताया कि यह विक्रय केंद्र विश्वविद्यालय कार्य दिवस में एक से तीन बजे तक खुला रहेगा। इस केंद्र पर मोटे अनाज से बने उत्पाद सावां का लड्डा 30 रुपये में 100 ग्राम, बाजरे का लड्डू 60 रुपये में 100 ग्राम, मिक्सड मिलेट नमकीन 37 रुपये में 100 ग्राम, रागी की इडली 30 रुपये में 100 ग्राम के हिसाब से ग्राहक खाद्य उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। यही नहीं इसके अलावा मौसम पर आधारित उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी। डा. साधना ने बताया कि गर्मी से बचने के लिए मट्ठा, नीबू पानी के अलावा ग्रीन टी, चाय की भी बिक्री होगी। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी के अतिरिक्त बाहरी लोगों के लिए भी इस केंद्र पर सुविधा उपलब्ध रहेगी।



बता दें की सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में भ्रमण पर पहुंचे स्कूली छात्र छात्राओं एवं किसानों को लंबे समय से श्री अन्न से बने उत्पादों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, कुलपति के सचिव, इंजीनियर, सुरक्षा अधिकारी एवं सामुदायिक महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# "डॉ. ममता सैनी के अद्वितीय ग्रंथ "भारत को जानें और आयुर्वेद को जानें का 11 मई को भव्य लोकार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया की संस्थापिका डॉ. ममता सैनी के 2 अद्वितीय ग्रंथ भारत को जाने

**ग्रंथ में भारत के 28 राज्यो 8 केंद्र शासित प्रदेशों की लोक कला संस्कृति का चौपाइयों,दोहों और छंद में वर्णन**

और आयुर्वेद को जानें का 11 मई को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में समारोह पूर्वक भव्य लोकार्पण होगा।

अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया की संस्थापिका डॉ.ममता सैनी ने बताया कि इस लोकार्पण समारोह के प्रथम सत्र में अद्वितीय ग्रंथ भारत को जानें का लोकार्पण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुवे बताया कि 23 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक 37 दिन लगातार आभाषी पटल पर चले भारत को जाने साहित्य महाकाव्य अनुष्ठान में भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की महिमा, लोक कला संस्कृति का दोहों, चौपाइयों, और गीतो के माध्यम से देश के रचनाकारों ने बहुत सुंदर तरीके भारत का गुणगान किया।जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया। कार्यक्रम को विश्वभर में लाखो लोगो ने देखा और सराहा तो मुझे इस अलौकिक कार्यक्रम को लेकर मन में विचार आया की क्यों न इस एतिहासिक आयोजन को ग्रंथ का रूप दिया जाए और वो विचार अब साकार रूप ले चुका है। इस महनीय कार्य हेतु उन्हें तीन विश्व रिकॉर्ड प्राप्त हुए। इस ग्रंथ में भारत सहित विश्व के 466 रचनाकारों की सहभागिता रही ।




ग्रंथ में भारत के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की जनसंख्यियकी, संस्कृति,कला ,साहित्य, उपलब्धियों, इतिहास, प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक सरंचना, विशेष व्यक्तित्व का दोहों और चौपाइयों में वर्णन किया गया है। द्वितीय सत्र में एक और विशिष्ट ग्रंथ " आयुर्वेद को जाने " का लोकार्पण होगा, ह्यआयुर्वेद को जानेंह्व ग्रंथ में आयुर्वेद की भूमिका और 125 जड़ी बूटियों का परिचय,गुण और उनके औषधिय प्रयोगों का वर्णन दोहा छन्द में लिखा गया है। देश - विदेश के 400 रचनाकारों ने सहभागिता की है।मंच की संस्थापिका डॉ. ममता सैनी व मंच के संरक्षक सी ए राकेश सैनी तंजानिया से भारत आ चुके हैं और भारत की टीम के साथ इस महत्वपूर्ण आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए तैयारी में लगे हुए है।

# लंबे समय तक झूठे मुकदमे का सामना कर रहे रिंका को वर्षों बाद मिला न्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आगरा।** जिला एवं सत्र न्यायालय दीवानी कचहरी में कल माननीय अपर सत्र

**आरोपित के अधिवक्ता अरविन्द पुष्कर के गंभीर तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायालय ने किया बारी,**

**अधिवक्ता अरविन्द पुष्कर द्वारा मजबूती एवं गंभीरता से न्यायालय में रखा गया अभियुक्त का पक्ष, अभियोजन अपना केस साबित करने में रहा असफल**

न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट) न्यायालय संख्या - 29 आगरा ने आरोपित रिंका उर्फ रिंकू को अधिवक्ता अरविन्द पुष्कर के गंभीर तर्कों को सुनने के पश्चात अपने एक आदेश में आरोपित को आरोप मुक्त कर दिया। वहीं, अभियोजन अपना केस साबित करने में असफल रहा। न्यायालय में आरोपित के विद्वान अधिवक्ता अरविन्द पुष्कर द्वारा मजबूती एवं गंभीरता से अभियुक्त का पक्ष रखा और लंबे समय तक झूठे मुकदमे का सामना कर रहे आरोपित को वर्षों बाद न्याय मिला। इस सन्दर्भ में आरोपित के अधिवक्ता अरविन्द कुमार पुष्कर ने न्यायालय के आदेशानुसार बताया कि माननीय अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट) न्यायालय संख्या - 29 आगरा ने अपने एक आदेश में राज्य



बनाम रिंका उर्फ रिंकू पुत्र सुरेश निवासी सेफऊ जिला धौलपुर मुकदमा संख्या 505/2018 अंतर्गत धारा - 363, 376, 377 भा.द.स. एवं धारा 5/6 लेंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 थाना खेरागढ़ जनपद आगरा के अंतर्गत आरोपित रिंका को अपराध में दोष मुक्त कर दिया। इस केस में रिंका उर्फ रिंकू के विरुद्ध आरोप लगाए जो माननीय न्यायालय में युक्ति युक्त संधेय से परे सिद्ध नहीं हुऐ और आरोपों को अभियोजन साबित करने में असफल रहा। इस आधार पर समस्त आरोपों को खारिज करते हुए माननीय न्यायालय ने मुकदमे में आरोपित को दोष मुक्त कर दिया।

# कार ट्रक में घुसी, महिला की मौत, अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर हुई छुर्घटना

**मिल्कीपुर/अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराते हुए खड़ी ट्रक में जा घुसी, कार में बैठी 65 वर्षीय शोभा श्रीवास्तव की मौत हो गई। मृतक अपने नाती अभी के साथ इलाज कराने लखनऊ जा रही थी तभी हादसा हुआ। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या के थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासिनी शोभा श्रीवास्तव पत्नी नरेंद्र श्रीवास्तव (65) अपने नाती अभी श्रीवास्तव (22) के साथ कार यूपी 32 एमएच 9832 से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से लखनऊ इलाज करने जा रही थी। हलियापुर थाना क्षेत्र कूरेभार तिराहे के पास हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सामने खड़ी ट्रक में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर कर चालक अभी श्रीवास्तव तथा उनकी दादी शोभा श्रीवास्तव को कार से किसी तरीके से बाहर निकाल कर उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया जहां पर तैनात डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# आईआरएस अधिकारी ने 21 किलोमीटर दौड़कर किया मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**झुंझुनू** । राजस्थान में झुंझुनू जिले के आईआरएस अधिकारी सुशील कुलहरी ने 21 किलोमीटर दौड लगाकर मतदान किया। सुशील कुलहरी आज सुबह जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने गांव तिलोका का बास के मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ (हाफ मैराथन) लगाकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उसके बाद मतदान किया। वहीं उनके बेटे यूबी साइकिल से चलकर गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया और आरएएस हवाई सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी



दिखाकर उन्हें रवाना किया। सुशील कुलहरी संयुक्त आयकर आयुक्त स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन सचिव आयोजना विभाग के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह देश में विभिन्न मैराथन इवेंट्स में भाग ले चुके हैं और अभी तक 9 फुल मैराथन (42.2 किमी) और कुल 38 हाफ मैराथन (21.1 किमी) की दौड़ें पूरी कर चुके हैं। उन्होंने मई 2019 के लोकसभा चुनाव और नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में भी अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ लगाकर मतदान किया था और मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया था। इनके साथ चूरू के वाणिज्यक कर अधिकारी श्री चंद माहीच भी थे।

## विरोध प्रदर्शन

## उलेमा ने कहा कि बाकी के निर्माण की अनुमंती दे सऊदी सरकार

# जन्नत-उल-बकी के पुनः निर्माण के लिए आसिफी मस्जिद में हुआ विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** जन्नत-उल-बकी के विध्वंस के खिलाफ और पवित्र मजारों के पुनः निर्माण के लिए आज जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में सऊदी अरब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद की ओर से आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में आले सऊद और तकफीरी दहशतगर्दी के खिलाफ 'मुदार्बाद' के नारे लगाये गए, साथ ही जन्नत-उल-बकी के पुनः निर्माण की मांग भी की गई।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए नायब इमामे जुमा मौलाना सरताज हैदर जैदी ने कहा कि जन्नत-उल-बकी में तन्हा रसूल अल्लाह की बेटी की कब्र नहीं है बल्कि औलादे रसूल, अइम्मा ए मासूमीन, अस्हाबे रसूल और अज्वाजे पैगम्बर की भी कब्रें हैं, जिन्हें एक सदी पहले आले सऊद ने ध्वस्त कर दिया था, इसलिए सभी मुसलमानों को मिलकर बकी के पुनः निर्माण की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आले सऊद की हुकूमत खत्म हो जाएगी और जन्नत-उल-बकी का पुनः निर्माण होगा।

मौलाना सईदउल-हसन नकवी ने अपने संबोधन में कहा कि बकी में पैगम्बर के परिवार, साथियों और पत्नियों की कब्रों को आले सऊद ने ध्वस्त कर दिया था ये कहते हुए कि जो लोग इन कब्रों पर जाते हैं वे उनकी इबादत करते हैं। यह केवल मुस्लिम दुनिया को धोखा देने के लिए था, क्योंकि कोई भी मुसलमान किसी कब्र की इबादत नहीं करता, बल्कि इन कब्रों का सम्मान करता है। दुनिया के हर धर्म में कब्रों का सम्मान करना मौजूद है। इसलिए मुसलमानों को तकफीरी विचारों से धोखा न खाए और उनके इस्लाम विरोधी विचारों को समझने की कोशिश करें। मौलाना ने कहा कि हमारी मांग है कि हमारी धार्मिक आजादी का सम्मान करते हुए बकी के पुनः निर्माण की इजाजत दी जाए।

मौलाना इस्तफा रजा ने संबोधन के दौरान कहा कि तकफीरी विचारों ने मुस्लिम दुनिया को बहुत नुकसान पहुंचाया है, उन्होंने यह कहकर कब्रों को ध्वस्त कर दिया कि यह तौहीद के खिलाफ है। इस जुल्म का न सिर्फ शियों ने विरोध किया, बल्कि दुनिया भर के मुसलमानों ने भी इस विरोध में हिस्सा लिया। मौलाना ने कहा कि विरोध इसलिए किया जाता है ताकि जालिमों को जुल्म से रोका जाये। अगर ये एहतेजाज न हो तो जालिम के हौसले बढ़ते जाएंगे और इसकी हिम्मतों में इजाफा होता रहेगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा विरोध प्रदर्शन होना चाहिए ताकि जालिम को और जुल्म करने से रोका जा सके। मौलाना शबाहत हुसैन और डॉ हैदर मेहंदी ने भी सऊदी हुकूमत से जन्नत-उल-बकी के पुनः निर्माण की मांग की और कहा कि हम जालिमों के खिलाफ एहतेजाज कर रहे हैं ताकि उन्हें अधिक जुल्म करने ने रोका जाये। मौलाना आदिल फराज ने कहा कि जन्नत-उल-बकी की तामीर और बैतउल-मुकद्दस की आजादी का मसला एक दूसरे से अलग नहीं है। याद रखना चाहिए जब तक कुद्स आजाद नहीं होगा जन्नत-उल-बकी का निर्माण भी मुमकिन नहीं है। क्योंकि जायोनी कुद्स पर कब्जा किये हुए हैं और यहूदियों की औलादे बकी पर कब्जा किये हुए हैं। अंत में मौलाना फिरोज हुसैन जैदी ने दुआ कराई। विरोध प्रदर्शन में गाजा में जारी इजरायली बर्बरता के खिलाफ भी नारे लगाए गए और तत्काल युद्धविराम की मांग की गई।




# अपर्याप्त विशेष ट्रेनें, जनरल कोच भी ठसाठस परिणाम गर्मी से बेहाल बीमार होते यात्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** लगातार बढ़ती जा रही गर्मी ट्रेन यात्रियों को भी हाल बेहाल करने में सफल है। उनकी सुविधा के हिसाब से इस गर्मी में स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी अपर्याप्त है। लगभग हर ट्रेन का जनरल कोच भी यात्रियों से ठसाठस भरा रहता है। शायद यही वजह है कि ट्रेन यात्रियों के बीमार पड़ने की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। हाल फिलहाल इसकी जो वजह पता चली है उसके मुताबिक गर्मी में पर्यटन स्थलों पर जाने और नौकरीपेशा के छुट्टी पर घर पहुंचने के प्रयास में ट्रेनों में भीड़ है। इसी लिए जनरल कोच भी ठसाठस हैं।

रही विशेष ट्रेनों की बात तो विशेष ट्रेनें भी कम पड़ रही हैं। घंटों देरी से पहुंच रही ट्रेनों में गर्मी के कारण यात्रियों की हालत खराब है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आए दिन ट्रेन में प्रसव, हृदय, ब्लड प्रेशर की बीमारी घातक बन रही है। जानकारी के मुताबिक यहां के सेंट्रल स्टेशन पर लगभग रोज आधा दर्जन शिकायतें यात्रियों की अलग-अलग बीमारी को लेकर आ रही हैं। घर पहुंचने के लिए यात्रियों के अंदर शौचालय, दरवाजे पर बैठकर भी सफर करने में कोई हिचक नहीं है। इसी तरह महिला व दिव्यांग कोचों में भी कब्जा है। इसके खिलाफ यात्री रेल मंत्री तक शिकायत कर रहे हैं। इसी के साथ लंबी दूरी के साथ दिल्ली, बिहार, पूर्वांचल, मुंबई व गुजरात की ट्रेनों में आरक्षण नहीं मिलने की भी समस्या भी यात्रियों को परेशान कर रही है। प्रतीक्षा सूची भी लगातार बढ़ती जा रही है।

# दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने व्हीलचेयर पर बैठकर परिवार के साथ मतदान करके लोकतंत्र को किया मजबूत






बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए आज हुए मतदान में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान कर-के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई। दिव्यांग मतदाता अपने परिवार के लोगों के साथ व्हीलचेयर की सहायता से नगर में बने विभिन्न मतदान केदो पर पहुंचे और मतदान किया ऐसे मतदाताओं की लोग जमकर कर प्रशंसा कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ इसमें दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। उर्मिला देवी( 82) पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र बिश्नोई, सुधा अग्रवाल (72) पत्नी स्वर्गीय श्याम मोहन अग्रवाल अग्रवाल ने बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज पर बने मतदान केंद्र पर मतदान किया' संतोष प्रजापति (90), सचिन मित्तल (56) ने परिवार वालों के साथ व्हीलचेयर पर बैठकर नगर में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया' भीषण गर्मी में भी मतदान करने पर लोग इनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव में लोगों ने वोट भी डाला और रोटी के लिए खेतों में गेहूं भी काटा, नेता जीतने के बाद गांव में नहीं आते

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद लोक सभा सीट के लिए शुक्रबार को मतदान हुआ जिसमे लोगो ने अपनी सुबिधा के अनुसार अलग अलग समय पर बोट डाले मगर सुमन और किरन ने दो वक्त की रोटी जुटाने के लिऐ गेंहू कटाई की, 11 बजे तक दोनो किसान के खेत मे गेंहू की कटाई करती रही उसके बाद घर पहुंची, खाना खाया और फिर अपने काम पर जुट गई। सुमन ने बताया कि बोट देना उनका अधिकार है जिसको उन्होने बखूबी निभाया लेकिन पेट भरने के लिए तो रोज ही काम करना पडता है। इसलिए अपना और परिवार का पेट भरने के लिए वह तुरन्त काम पर वापिस आ गई और कटाई शुरू कर दी। उनका कहना था की फसल मे कटाई करके उन्हे पूरे साल भर का अनाज भी तो इकटठा करना है। नेता तो जीतने के बाद गांव में लोगों की समस्या सुनने के लिए कम ही आते हैं।



# लोकसभा चुनाव में सैकड़ो नए मतदाताओं ने "उत्साह के साथ पहली बार किया मतदान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए आज हुए मतदान में सैकड़ो नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया इन मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडल के प्रसिद्ध महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी के पुत्र यश माहेश्वरी( 27 ), भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अभय बिश्नोई की पुत्री शिवानी बिश्नोई (22) , नगर के प्रसिद्ध व्यापारी और भारत विकास परिषद के सदस्य राजीव बिश्नोई की बेटी नंदिनी बिश्नोई आदि नए मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान किया' अनेक मुस्लिम लड़कियों ने पहली बार लोकसभा चुनाव में आज मतदान किया इन नए मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया।






# बूथ के अंदर हुई भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता और उसकी पत्नी की वीडियो रिकॉर्डिंग, मतदान केंद्र पर तैनात टीम पर लटका "कार्रवाई की तलवार"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बूथ के अंदर मीडिया कर्मियों एवं मतदाताओं आदि के लिए मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगाया था आज इसका अधिकांश स्थानों पर शक्ति के साथ पालन भी हुआ लेकिन मुरादाबाद में एक मतदान केंद्र पर भाजपा के एक प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी जब पत्नी के साथ मतदान केंद्र पर अपने बूथ के अंदर मतदान करने के लिए पहुंचे तो गेट पर खड़े सुरक्षा कर्मचारियों ने अनेक लोगों को मोबाइल अंदर ले जाने से मना कर दिया लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग कैमरा और मोबाइल लेकर अंदर पहुंच गए और अनेक फोटो अपने कमरे में कैद कर लिए निर्वाचन आयोग की रोक के बाद मतदान के स्थान पर वीडियो बनाना चर्चा का विषय बना हुआ है इस मामले में मतदान केंद्र पर तैनात टीम पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। अब देखना है इस मामले में निर्वाचन आयोग क्या कार्रवाई करता है।



## हनुमान सेतु से समतामूलक चैराहे तक सीधे फर्राटा भरेंगे वाहन, अगले महीने से एक साथ शुरू होगा तीन पुलों का निर्माण

**लखनऊ (आरएनएस)।** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत हनुमान सेतु से समतामूलक चैराहे तक वाहन सीधे फर्राटा भरेंगे। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने हनुमान सेतु, निशातगंज व कुकरैल पर तीन नये पुलों के निर्माण की दिशा में काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरूवार को महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सम्बंध में अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक की। इसमें अवगत कराया गया कि 2-लेन व 4-लेन पुलों के निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण करा लिया गया है। इसके अलावा पुलों की ड्राइंगध्डिजाइन भी तैयार करा ली गयी है, जिसकी फाइनल रिपोर्ट अगले महीने तक मिल जाएगी। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि आगामी 10 मई से एक साथ तीनों पुलों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इसके लिए अगर ट्रैफिक डायवर्जन की आवश्यकता हो तो उसका प्लान भी पहले से तैयार करा लिया जाए, जिससे कि उक्त रास्तों से गुजरने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। वहीं, ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत गऊ घाट पर बनाये गये पुल को लेकर उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि पुल के नीचे खाली हिस्से में लैंड स्केपिंग का कार्य कराते हुए पौधे लगवाए जाएं।

# मतदाता सूची से अनेक महिलाओं का नाम हुआ डिलीट, शिकायत पर उच्च अधिकारी पहुंचे मौके पर, "बिना मतदान के बैरंग लोटी महिलाए"

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** मतदान केंद्र पर आज बोट डालने गई महिला को बोटर लिस्ट मे नाम नही मिला तो उसके परिजनो ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियो से कर दी। शिकायत होते ही प्रशासन मे हडकम्प मच गया अधिकारियो के अलावा खुफिया विभाग भी जांच करने मौके पर पंहुचा। बताया गया कि सलेमपुर गांव की महिला नारायणी पत्नी नन्हे सिंह का बूथ संख्या दस पर बोट था। जब वह अपने मत का प्रयोग करने के लिऐ बूथ पर पहुंची तो उसका नाम नही मिला। इसकी शिकायत महिला के परिजनों ने उच्चाधिकारियो से कर दी। शिकायत मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे खुफिया विभाग भी जांच करने गांव पहुंचा। पता लगा की महिला के नाम के आगे लिस्ट मे डिलीट लिखा है। यह सुनकर लोगो ने नाराजगी जताई तो पता लगा की करीब डेढ दर्जन लोगो के नाम के आगे डिलीट लिखा है। मतदान टीम ने लिस्ट मे नाम ना होने पर हाथ खडे कर दिए । लेकिन ये डिलीट का चक्कर फिलहाल किसी की समझ मे नही आया। मतदाता सूची से अनेक महिलाओं का नाम गायब होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डाबर ग्लुकोज ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया एनर्जाइज इंडिया कैंपेन

**लखनऊ (आरएनएस)।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन ह्यएनर्जाइज इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने आज लखनऊ की बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो अकादमी में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, मुनव्वर अंजार, महासचिव, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन,सुषमा अवस्थी-एनआईएस, मुख्य कोच भारतीय जूडो टीम आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। सत्र के दौरान सुषमा अवस्थी ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस मौके पर डाबर ने इस एकेडमी के टॉप तीन एथलीट्स कार्तिक मिश्रा, अभिषेक यादव व रोजी को सम्मानित भी किया।

डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड अग्रवाल ने कहा ह्यहमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम ह्यएनर्जाइज इंडियाह्ण कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा। डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफस्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिजिकल एक्टीविटीज करते हैं।ह्ण श्री अग्रवाल ने कहा कि ह्यडाबर ग्लुकोज हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है। युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। अपने ताजगी से भरे स्वाद और इंस्टेन्ट एनर्जी के साथ डाबर ग्लुकोज युवा एथलीट्स की एनर्जी बनाए रखने के लिए बेहतरीन विकल्प है, जिसे अपनाकर वे अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स दे सकते हैं।



# मुरादाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जमकर चली साइकिल, हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में जमकर खिला कमल : मतदान के प्रति मुस्लिम मतदाताओं में देखा गया उत्साह" जीत की चाबी मुस्लिम मतदाताओं "के हाथ में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए आज मतदान हुआ ' चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है जो 4 जून को खुलेगा' चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी थे। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा एवं सपा के बीच देखा गया। मुरादाबाद लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है 2019 में सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसटी हसन ने भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को पराजित किया था इस बार भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला सपा कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा के बीच माना जा रहा था जो आज मतदान के समय सही साबित हुआ । मतदान के प्रति मुस्लिम मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में साइकिल जमकर चली तथा हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में कमल का फूल जमकर खिला यहां जीत की चाबी मुस्लिम मतदाताओं के हाथ में है। मुस्लिम मतदाताओं में बिखराव न होने से सपा प्रत्याशी को फायदा पहुंचने की उम्मीद लोग लग रहे हैं 4 जून को जब मतगणना होगी तो सही तस्वीर का पता चलेगा। चुनाव मैदान में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला यहां भाजपा और सभा प्रत्याशी के बीच देखने को मिला ' सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं।



# मौहम्मद यासीन सैफी ने समाज के लिए मेहनत की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी)।** सैफी समाज की बेहतरीन शख्शियत जनाब मरहूम मौलाना अलहाज हाफि ज कारी शाह मौहम्मद नजीरूल अकरम नईमी निवासी लाल मस्जिद मुरादाबाद ने 1975 में अमरोहा की सरजमीं पर देश भर के समाज के सैफी महासम्मेलन में हजारो लोगो की मौजूदगी में कौम. को सैफी नाम दिया था। और ऐलान किया और कौम के लिये दुआ करायी थी उस वक़्त में समाज के काफी उलेमा हजरात भी मौजूद थे ।

अमरोहा में सैफी समाज के महासम्मेलन को कामयाब बनाने के लिये मौहम्मद यासीन सैफी निवासी असालतनगर वघा थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद साहब ने ऐड़ी से लेकर चोटी तक का जोर अपने साथियो के साथ लगाया था । आज मौहम्मद यासीन सैफी हमारे बीच मौजूद है हमें फक्र है मगर अफसोस तब होता है जब चंद लोग खुद को समाज का रहबर समझने लगते हैं। जिन्होंने सैफी नाम के लिए कुर्बानियां दी उनका नाम तक लेना पसंद नहीं समझते हैं । और यासीन सैफी की अनदेखी की जा रही है। मुरादाबाद से यासीन सैफी भी समाज के लिए देशभर के लिए एक आइडियल हैं । और हमें उनको अपना सरपरस्त मान लेना चाहिए मगर कुछ चंद लोग अपने फायदे की लिए यासीन सैफी की अनदेखी कर रहे हैं यह सही नहीं होगा अमरोहा की सर जमी पर होने वाले सैफी समाज के महासम्मेलन के और भी फोटो लोगों के पास मौजूद हैं। उनको इकट्ठा करने की कोशिश की जा रही है अमरोहा में हमारे एक रिश्तेदार के पास प्रोग्राम के कुछ चंद फोटो भी हैं उन सभी फोटो में यासीन सैफी के पास मौजूद हैं समाज यासीन सैफी की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा ...! सैफी समाज के प्रोग्राम मौहम्मद यासीन सैफी की सरपरस्ती मे होने चाहिए। अजीजुर्रहमान सैफी निवासी ईदगाह मुरादाबाद ने भी अपने वक़्त में कौम की काफी खिदमद की है समाज उनको भी नहीं भूल पायेगा ...मौजूदा वक़्त में उनके साहब जादे कमरूल जमा सैफी कौम की खिदमत को अंजाम दे रहे है !




**मतदान** — पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केदो का निरीक्षण किया

# मुरादाबाद लोकसभा सीट पर करीब 62% से ज्यादा हुआ मतदान, प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए आज मतदान हुआ मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र मे 62 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने की खबर है। कांठ विधानसभा क्षेत्र में करीब 65% मतदान होने की खबर है नगर पंचायत कांठ में करीब 66% मतदान हुआ ' मतदान केदो पर मतदान शुरू होने से पहले ही मतदाताओं की अनेक स्थानों पर लंबी-लंबी लाइन लग गई थी। नगर में बने आदर्श मतदान केंद्र पर दोपहर बाद बहुत कम मतदाता देखे गए पिंक बूथ तो खाली पड़ा था सुबह 11:00 बजे तक करीब 30% लोगों ने अपने मतदान का प्रयोग किया दोपहर 2:00 बजे तक करीब 45% लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया खबर लिखे जाने तक लोकसभा क्षेत्र में 62 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने की खबर है। मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा इसकी पूरी उम्मीद है । पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केदो का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है ।चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है जो 4 जून को खुलेगा' चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी थे। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा एवं सपा के बीच देखा गया। मुरादाबाद लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है 2019 में सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसटी हसन ने भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को पराजित किया था इस बार भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला सपा कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा के बीच माना जा रहा है। 4 जून को जब मतगणना होगी तो सही तस्वीर का पता चलेगा। चुनाव मैदान में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं।







Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव

अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की।

यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है। कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है। शो में उनका किरदार आर्यमन के जीवन में बहुत सारे संघर्ष और जटिलताएं लेकर आएगा।

उसी के बारे में बात करते हुए मानसी ने कहा, मेरा किरदार रैना, अपनी दुष्टता से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। सीधे, रेशमी बाल और डिजाइनर साडि?ों के साथ उसका लुक जबरदस्त है। वह बहुत ही बेहतर अभिनय करती है। उसे लगता है कि आर्यमान उसका सौतेला भाई है और वह विरासत का हकदार नहीं है।

उन्होंने कहा, मैंने शो की शूटिंग शुरू कर दी है। मैं शो में अपने किरदार पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हूं। इसमें मेरा किरदार बेहद दुष्ट है वह अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। मैं हूं साथ तेरे 29 अप्रैल को शाम 07:30 बजे जी टीवी पर प्रसारित होगा।

# सिद्धार्थ के जन्मदिन पर रिलीज हुआ इंडियन 2 का पोस्टर, कमल हासन के साथ करेंगे स्क्रीन शेयर

कई बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से सभी का दिल जीत चुके सिद्धार्थ सूर्यनारायण का आज जन्मदिन है। सिद्धार्थ के 45वां जन्मदिन के मौके को और भी खास बना दिया है फिल्म मेकर्स की इस खास पोस्ट ने। दरअसल, फिल्म इंडियन 2 1996 में आई फिल्म इंडियन का ही सीक्वल है। इस फिल्म में अभीतक कमल हासन के होने की ही पुष्टि हुई थी, लेकिन अब फिल्म के इस आधिकारिक पोस्ट की रिलीज के बाद यह साफ हो गया है कि सिद्धार्थ सूर्यनारायण भी इस फिल्म का अहम हिस्सा है।

इंडियन 2 के मेकर्स लाइका प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्टर का फर्स्ट लुक शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। फिल्म के इस पोस्टर को देखकर फैंस काफी सरप्राइज रह गए हैं। फिल्म मेकर्स ने पोस्टर शेयर करके लिखा, टीम इंडियन 2 की तरफ से मल्टी टैलेंटेड एक्टर सिद्धार्थ को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। आप हमेशा अच्छे किरदार और भूमिकाएं निभाते रहो।




आपकी सफलता में एक और नया साल जुड़ गया है।

सिद्धार्थ को आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से फिल्मों में खास पहचान मिली थी। एक्टर ने हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी से सगाई रचाई है। इसके चलते भी एक्टर ने खूब सुर्खियां बटोरी है। अब सिद्धार्थ साउथ निर्देशक एस. शंकर के निर्देशन में बनी साउथ सुपरस्टार कमल हासन स्टारर फिल्म इंडियन 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में सिद्धार्थ चित्रा वरधनरंजन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में कमल हासन एक सेनापति का किरदार निभाएंगे। फिल्म में काजल अग्रवाल लीड रोल में नजर आएंगी। साथ ही रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी, नेदुमुदी वेनू, विवेक, कालिदास जयाराम, गुलशन ग्रोवर और कॉमेडी स्टार ब्रह्मानंदन समेत कई स्टार्स फिल्म का हिस्सा हैं।

यह फिल्म पूरी तरह से एक पॉलिटिकल और देश में भ्रष्टाचार पर बनी है, जोकि साल 1996 में आई फिल्म हिंदुस्तानी का पार्ट 2 है। पूरे 28 साल बाद शंकर फिल्म का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। फिल्म इंडियन 2 जून 2024 में रिलीज हो सकती है, क्योंकि अभी इसकी रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है।

# अवनीत कौर ने ट्रांसपैरेंट आउटफिट पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की अदाओं ने यूजर्स को किया घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है। टीवी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली ग्लैमरस अदाकारा अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आग लगाने के लिए मशहूर हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस के



होश उड़ाती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कना शुरू हो जाएगा. अवनीत कौर ने ऑफ व्हाइट कलर की ट्रांसपैरेंट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है. लाइट मेकअप के साथ बालों को ओपन रखा है और एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों ने यूजर्स का हाल बेहाल कर दिया है और वे अवनीत की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं।

# अंकिता लोखंडे का वेब सीरीज आम्रपाली से फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, एक्ट्रेस रॉयल लुक में आई नजर

वेब सीरीज आम्रपालीका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें अभिनेत्री अंकिता लोखंडे को रॉयल अवतार में देखा जा सकता है. पोस्टर के तहत, अंकिता एक गौरवमयी लुक में दिखाई दे रही हैं. इस मैग्नम ओपस सीरीज के साथ संदीप सिंह ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं. अभी तक इस सीरीज की रिलीज, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म या फिर अन्य किरदारों ऐलान नहीं किया गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि इसका ऐलान जल्द होगा. अंकिता हाल ही में रणदीप हुड्डा के साथ स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म में दिखाई दी थी.

जानकारी के अनुसार संदीप प्राचीन भारत में वैशाली गणराज्य की शाही नर्तकी के जीवन को पर्दे पर उतारना चाहते हैं। मशहूर नगरवधू आम्रपाली का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अंकिता को चुना है।

अंकिता ने कहा कि फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में जमुना बाई का किरदार निभाने के लिए उन्हें दुनिया भर में काफी सराहना मिली है, जिसके कारण उन्हें इस तरह के रोल के प्रस्ताव मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे समझदारी से रोल चुनना है। मैं स्वातंत्र्य वीर सावरकर के बाद आम्रपाली में काम करूंगी। मैं जल्द ही कुछ और अच्छे चयन करूंगी। आम्रपाली मेरे और दर्शकों के लिए सरप्राइज होगी। मुझे उम्मीद है कि मैं दर्शकों को निराश नहीं करूंगी। यह सीरीज एक नर्तकी के नगरवधू बनने से लेकर उसके बौद्ध धर्म अपनाने तक की कहानी को बताएगी, जो अंततः सभी विलासिता को त्याग देती है और एक बौद्ध भक्त के रूप में ब्रह्मचर्य अपनाती है। संदीप ने कहा कि आम्रपाली अपनी सुंदरता के लिए जानी जाती थी और वह





भारत के इतिहास में सबसे मजबूत पात्रों में से एक थी। उन्होंने कहाः मैंने अंकिता लोखंडे के अलावा किसी और के बारे में नहीं सोचा, जिन्होंने मेरी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकरइ में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। वह इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। उनमें एक आकर्षक राजकुमारी और नगरवधू के सभी गुण हैं और वह एक बेहतरीन नर्तकी भी हैं। उन्होंने कहा कि सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन अभिनीत हम दिल दे चुके सनम और शाहरुख खान की देवदास के बाद, आम्रपाली उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण संगीत यात्रा होगी। संगीतकार इस्माइल दरबार सीरीज के लिए संगीत देंगे।


दरबार ने कहा, यह कहानी एक नर्तकी के बारे में है, जो जीवन से निराश होकर अध्यात्म को अपना लेती है। आम्रपाली की समृद्धि और दिव्यता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न रंगों के दस गाने होंगे।

# बॉक्स ऑफिस पर सुस्त पड़ी मैदान तो क्रू की पकड़ अब भी बरकरार, ऐसा रहा कारोबार

बॉक्स ऑफिस पर 3 फिल्में लगी हुई हैं, जिनमें से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां मुख्यता दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।एक ओर बड़े मियां छोटे मियां इन दिनों सबसे ज्यादा कमाई कर रही है, तो मैदान की हालत सुस्त दिख रही है। इसके साथ ही क्रू अपने तीसरे हफ्ते में भी दर्शकों को खींचने में सफल हो रही है।चलिए जानते हैं किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की।

अली अब्बास जफर की एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत की थी और मंगलवार को भी फिल्म ने अच्छा कारोबार किया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के छठवें दिन यानी मंगलवार को 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया।अक्षय-टाइगर और पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 45.55 करोड़ रुपये हो गया है।

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान, बड़े मियां छोटे मियां के साथ ईद के खास मौके पर ही रिलीज हुई थी। दोनों फिल्मों की भिड़ंत में बोनी कपूर निर्मित फिल्म को नुकसान हुआ था।पहले दिन से अजय की फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मैदान ने छठवें दिन मामूली बढ़त के साथ 1.65 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसी के साथ फिल्म का कुल कारोबार 25.15 करोड़ रुपये हो गया है।



करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की फिल्म क्रू को पहले दिन से दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म अपने तीसरे हफ्ते में अजय और अक्षय जैसे सितारों की फिल्मों की मौजूदगी के बाद भी दर्शकों को खींचन में कामयाब हो रही है।हालांकि, क्रू की कमाई में गिरावट देखने को मिली है।सैकनिल्क के मुताबिक, 19वें दिन क्रू ने 43 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसकी कुल कमाई 70.26 करोड़ रुपये हो गई है।

इस हफ्ते बड़े मियां छोटे मियां, मैदान और क्रू को टक्कर देने के लिए सिनेमाघरों में 3 फिल्में रिलीज होने वाली हैं।19 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर विद्या बालन की दो और दो प्यार के साथ ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की मिस्टर एंड मिसेज माही दस्तक दे रही है।इसके साथ ही एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 भी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

# जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर हुआ आउट, एक्शन अवतार में दिखीं अभिनेत्री

जान्हवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है. मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं. पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरूआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है. जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं. इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं. ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं.वे किसी लायक नहीं हैं.

उलझ का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है. जाह्नवी कहती हैं- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर. टीजर में जाह्नवी कपूर




को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग-अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं. इसके साथ-साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं.

उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं. वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं. इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी ने भी फिल्म का हिस्सा हैं. उलझ को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है. जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर देवाराः पार्ट 1 में भी दिखाई देंगी. यह उनकी पहली डेब्यू तेलुगु फिल्म है. इसके अलावा उनकी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भी 31 मई, 2024 को थिएटर्स में दस्तक देने के लिए तैयार है. इस फिल्म में वे राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी. वहीं उनके पास रामचरण के साथ दूसरी तेलुगु फिल्म आरसी 16 भी पाइपलाइन में है।

# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का पहला गाना व्हिसल पोडु रिलीज, फैंस पर चला विजय की आवाज के साथ मूव्स का जादू

साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। बीते दिन निमार्ताओं ने पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी कि गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का पहला गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं आखिरकार अब इंतजार खत्म हो चुका है। निमार्ताओं ने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है, जिसका शीर्षक है व्हिसल पोडु।

अभिनेता विजय की गोट के निमार्ताओं ने तमिल नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पहला गाना व्हिसल पोडु जारी कर दिया है। यह एक पार्टी गीत है, जिसे विजय ने स्वयं गाया है। और अभिनेता ने प्रभावशाली काम किया है। संगीत वीडियो में विजय ने डांस मूव्स भी दिखाए। युवान शंकर राजा ने गाने में संगीत दिया है। गाने का आखिरी मिनट काफी अच्छा है, जिसमें विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर के डांस मूव्स देखने को मिले। आरआरआर और बाहुबली के लेखक मदन कार्की ने इस फुट-टैपिंग डांस नंबर के लिए गीत लिखे हैं।

प्रोडक्शन कंपनी एजीएस प्रोडक्शन ने गाने को अपनी आधिकारिक एक्स साइट पर साझा किया और लिखा और लिखा, हियर वी गो, व्हिसल पोडू...गोट फर्स्ट सिंगल। विजय सर का स्वर है। पार्टी डांस सॉन्ग दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। इसका म्यूजिक लोगों को अपने पैर पर थिरकने के लिए मजबूर कर देगा। वीडियो में विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर का धमाकेदार डांस फैंस का उत्साह बढ़ा रहा है।

कहा जा रहा है कि गोट के एल्बम में सभी प्रमुख पात्रों के लिए कई लघु थीम गीतों के साथ चार गाने शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवान ने विजय की भूमिका के लिए एक सिग्नेचर थीम सॉन्ग बनाया है, जो प्रतिष्ठित मनकथा थीम की तर्ज पर है। यह फिल्म वेंकट प्रभु द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म के जरिए वेंकट प्रभु और विजय पहली बार साथ काम कर रहे हैं। गोट विजय की 68वीं फिल्म है। इसे एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन बैनर द्वारा निर्यंत्रित किया गया है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन-आधारित विज्ञान-फाई फिल्म होगी। इस फिल्म में विजय के अलावा माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है।

# मोदी सरकार ने आतंकवाद पर अंकुश लगाकर देश को भयमुक्त माहौल दिया है : योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** देश में मोदी सरकार से पहले आतंकवाद और नक्सलवाद का जहर पूरे देश में फैला हुआ था। जिस देश में भय का माहौल व्याप्त था। लेकिन 2014 में केंद्र मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद मोदी सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद पर अंकुश लगाने का काम किया है। यह विचार प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ यहां डॉ केएन मोदी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रहित मैं हजारों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसे करोड़ों देशवासी लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा महिलाओं तथा बेटियों की सुरक्षा वह सशक्तिकरण के लिए कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने भी भू माफिया और नकल माफियाओं पर नकेल कसने का वादा किया था और हमने अपना वादा पूरा भी किया है। मंच पर ही मौजूद रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुटीर उद्योगों की स्थापना चौधरी चरण सिंह की प्राथमिकता रही है। जिसे हम केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। अब हमें इसी एकता के साथ आगे बढ़कर 400 प्लस के नारे को पूरा करना है। सभा के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं अनेक नेताओं द्वारा सीएम



योगी आदित्यनाथ को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र त्यागी, स्वदेश जैन, युवा भाजपा नेता आकाश शर्मा चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, एड कुंवर अय्यूब अली, प्रदीप बोस, अमित तिसावड, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल, रालोद नेत्री डॉ पूनमगर्ग, सुदेश शर्मा, पूर्वअ चेयरमैन राम आसरे शर्मा, शिक्षाविद अजय ग्रोवर, कृष्णराज सैन,अरुण सैन, महेश तायल, नवीन जयसवाल, निधि चौधरी, अपराजिता सिंह, डॉ अनिला आर्य, डॉ पवन सिंघल, पूर्व चेयरमैन अशोकमहेश्वरी, डॉ नवेंद्र गौड़, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, सौरभ शर्मा हल्दीराम सहित हजारों भाजपा व रालोद नेता व कार्यकर्ता मौजूदथे।

# हरे-भरे पौधों से बिखरी विवि कैंपस की खूबसूरती, विश्वविद्यालय को क्लीन एंड ग्रीन कैंपस का मिल चुका है अवार्ड

**मिल्कीपुर/योध्या (आरएनएस)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के परिसर को क्लीन एंड ग्रीन बनाए रखने के लिए गुरुवार को एक अनूठी पहल देखने को मिली। विवि परिसर के चारों तरफ कम समय में एक साथ सफाई हो इसके लिए कृषि विवि के कुलपति ने नया तरीका अपनाया। कुलपति ने सफाई अभियान के लिए छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों की टीम को सात भागों में विभाजित कर सफाई अभियान की जिम्मेदारी सौंप दी ।नेपाल, जिम्बाब्वे, श्रीलंका तथा विएनताम के विदेशी छात्र-छात्राओं ने भी सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विवि को क्लीन एंड ग्रीन कैंपस का अवार्ड दिला चुके कुलपति का कहना है कि विवि परिवार का हर एक सदस्य स्वच्छता पर ध्यान दे तो परिसर हमेशा



साफ रहेगा। आज विश्वविद्यालय हरा भरा एवं स्वच्छ दिख रहा है जो सभी के सहयोग का परिणाम है। गुरुवार को सुबह-सुबह गेट नंबर एक और दो के साथ नेहरु लाइब्रेरी,सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बायोटेक्नोलॉजी, मत्सियकी महाविद्यालय, पीएचडी हास्टल की छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों ने एकजुट होकर साफ-सफाई की। इस दौरान सभी ने मिलकर छात्रावासों एवं सड़क के किनारे जमे घासों को साफ किया और झाड़ू लगाया। इस दौरान एनसीसी एवं एनएसएस की सभी इकाई के छात्र-छात्राओं ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस अभियान में समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, इंजीनियर, छात्रावास अधीक्षक, सह छात्रावास अधीक्षक, सुरक्षा अधिकारी, शिक्षक, एनसीसी एवं एनएसएस अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# नवदुर्गा सम्मान से नौ महिलाओं को किया गया सम्मानित

**अयोध्या (आरएनएस)।** यश म्यूजिकल ट्रस्ट द्वारा हर साल की तरह इस साल भी नवदुर्गा सम्मान से नौ देवियों को सम्मानित किया गया इस सम्मान के अंतर्गत उन महिलाओं को सम्मानित किया जाता है जो अकेले अपने संघर्ष द्वारा अपने परिवार को संभाल रही है और उनकी सारी जरूरत को पूरा कर रही हैं इनमें से सभी महिलाएं कुछ घरेलू कार्य कुछ मजदूरी कुछ ठेला कुछ जानवर चरा कर आदि कर अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही है और अपने बच्चों को पढ़ाकर उनको एक सही दिशा देने का प्रयास कर रही है। उनके नाम है सुनीता जी, कल्पना जी ,उषा जी ,इमरता जी, देव कुमारी जी ,आशा जी ,शकुंतला जी ,कमला जी, संगीता जी इन नौ महिलाओं को यश म्यूजिकल ट्रस्ट द्वारा अंग वस्त्र उपहार फल राम नामी पटुका आदि देखकर सम्मानित किया गया। इस



अवसर पर उनके आवास एवं उनके कार्य स्थल पर जाकर संस्था की अध्यक्ष संगीता आहूजा जी एवं वरिष्ठ सदस्य मेनका सिंह जी एवं बबीता यादव जी ने उन सभी महिलाओं का सम्मान किया। और प्रेरणा पर एक संबोधन से उन्हें अपने संघर्षों के दम पर आगे बढ़ते हुए कार्य करने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। संस्था द्वारा हर साल चैत्र नवरात्रि पर अयोध्या जिले की ऐसी 9 महिलाओं को चुनकर हर साल सम्मानित किया जाता है। जिससे वे महिलाएं उन महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बन सके जो अपने जीवन से संघर्षों के दम पर हार मान जाती हैं संस्था की अध्यक्ष संगीता आहूजा का कहना है यह एक प्रयास है उन महिलाओं के लिए जो कार्य तो करना चाहते हैं पर परेशानियों के चलते अपने ही संबंधों एवं स्थितियों से हार मान जाती है। संस्था महिलाओं बच्चों एवं जानवरों के प्रति कार्य करने हेतु परस्पर अग्रसर रहती है।

# आपका वोट आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा : राहुल गांधी

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 102 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले गये। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। राहुल गांधी ने मतदाताओं से अपील में कहा, याद रहे, आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। पहले चरण के मतदान पर की गई अपील में राहुल गांधी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान है।



इसलिए बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए जख्मों पर अपने वोट का मरहम लगाकर लोकतंत्र को मजबूत कीजिए। नफरत को हरा कर खोल दीजिए हर कोने में मोहब्बत की दुकान। इससे पहले राहुल गांधी ने अपने कार्यकताओं के लिए एक वीडियो संदेश भी जारी किया था। अपने संदेश में राहुल ने कार्यकताओं से कहा कि आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। राहुल ने अपने संदेश में कहा था कि ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओ के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में है। 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इनमें सबसे अधिक सीटें तमिलनाडु से हैं। यहां आज सभी 39 सीटों पर पहले चरण में ही वोटिंग की जा रही है।

## प्रदेश के समस्त 75 जिलों के 783 नगरीय निकायों के नगर मानचित्र एवं 14,455 वार्डों के जियो-स्पेशल डाटाबेस का कार्य पूर्ण

# प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के बुनियादी विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा जियो: स्पेशल डाटाबेस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के बुनियादी विकास के लिए जनगणना कार्य निदेशालय एवं स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के समस्त 75 जिलों के सभी 783 नगरीय निकायों के नगर मानचित्र एवं उनके 14,455 वार्डों के जियो-स्पेशल डाटाबेस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

शुक्रवार को जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा ने प्रदेश के स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल को मानचित्र एवं जियो स्पेशल डाटाबेस हस्तगत किया। यह जियो-स्पेशल डाटाबेस शहरी अवसंरचना के विकास, भू-प्रशासन, बैंकिंग और वित्तीय आर्थिक गतिविधियों, जल, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति सेवाओं आदि में उपयोगी साबित होगा।

समस्त नगर निकायों के नगर एवं वार्ड सीमाओं के जियो-स्पेशल मानचित्र तैयार करने का कार्य नगरीय निकायों के परिसीमन 2021-2022 के बाद निर्धारित अद्यतन सीमाओं के अनुसार किया गया है। इसके माध्यम से राज्य तथा केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के निर्माण के दौरान वार्ड स्तर के जियो-स्पेशल वार्ड मानचित्र के सहयोग से शहरी क्षेत्र के सबसे निचले स्तर ह्वार्डह्व तक उपलब्ध नागरिक सुविधाओं एवं संसाधनो को डिजिटली टैग कर उपलब्धता की तुलना करते हुए आवश्यकता का आकलन तथा संसाधनो का उचित प्रावधान कर सकती हैं।

**आर्थिक विकास के नए आयामों की हो सकेगी प्राप्ति**

नगरीय क्षेत्रों में जनगणना के सर्वे में दोहराव एवं

**जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक ने स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक को मानचित्र एवं जियो स्पेशल डाटाबेस किया हस्तांतरित**

छूट की मुख्य समस्या को खत्म करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। निदेशक जनगणना शीतल वर्मा ने बताया कि विकास तथा विभिन्न प्रणालियों / विभागों के कार्य के समस्त पहलुओं संबंधी डाटाबेस को एकीकृत करने की राह को आसान करने तथा डिजिटल / सूचना आधारित अर्थव्यवस्था की अधिकतम संभावनाओं तक उपयोग के लिए वर्तमान में उपलब्ध मानचित्र के स्वरूप को प्रशासनिक स्तर की सबसे छोटी इकाई तक जियो-स्पेशल मानचित्र के रूप मे डिजिटाइज करना महत्वपूर्ण है।

जियो-स्पेशल डाटाबेस वार्ड सीमा, नगरीय क्षेत्रों में जनगणना के सर्वे कार्य में दोहराव एवं छूट की मुख्य समस्या को खत्म करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

निदेशक स्थानीय निकाय नितिन बंसल ने आशा व्यक्त की कि नगर निकायों में इसका उपयोग कर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता के डिजिटल ओपेन सोर्स को विकसित करने, नागरिक सुविधाओं के विकास मे व्यय होने वाले जनधन का विवरण देने हेतु सुओ मोटो डिस्क्लोजर के साथ ही जियो-स्पेशल वार्ड मानचित्र को प्राइवेट क्षेत्र से साझा करके सामाजिक मापदंडों के साथ ही आर्थिक विकास के नए आयामों की प्राप्ति के प्रयास किए जा सकेंगे। प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात ने दोनों निदेशकों को उनकी पहल के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

**अधिशाषी अधिकारियों/प्रतिनिधियों को दिया गया राज्यस्तरीय प्रशिक्षण**

जनगणना कार्य निदेशालय ने भारत के महारजिस्ट्रार के निदेशों के अंतर्गत पूरे प्रदेश के शहरी ढांचे के राष्ट्रीय भू-स्थानिक डाटाबेस का निर्माण करने के लिए राज्य के सभी 783 नगरीय निकायों के 14,455 वार्ड सीमाओं के जियो-स्पेशल वार्ड मानचित्र बनवाने का निर्णय लिया। इसके लिए स्थानीय निकाय निदेशालय से संपर्क किया गया एवं कार्य योजना का निर्धारण हुआ। जियो-स्पेशल डाटाबेस तैयार करने के लिए प्रदेश के समस्त नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों/प्रतिनिधियों को महारजिस्ट्रार कार्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा राज्यस्तरीय प्रशिक्षण दिलाया गया।

# ईवीएम व वीवीपैट का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

**अयोध्या (आरएनएस)** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में जिला निर्वाचन



अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

**मिल्कीपुर/अयोध्या (आरएनएस)।** सुरवारा चमनगंज स्थित एमकेडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया।मुख्य अतिथि तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करते हुए किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण आंचल शिक्षा की अलग जगा रहा है। अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। संस्थान के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने घर परिवार में वृद्धो की उपेक्षा पर आधारित वृद्ध आश्रम नाटक का मार्मिक मंचन कर बुजुर्गों की सेवा करने के लिए जनमानस को प्रेरित किया।इसके अलावा बच्चों ने देश भक्ति एवं धार्मिक गानों पर नृत्य का मंचन कर सबका मन मोहा। प्रधानाचार्य रूबी अंसारी ने पूरे शैक्षिक सत्र



में बच्चों की उपलब्धियां का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे राजस्व निरीक्षक जय नारायण तिवारी ने कक्षाओं में टॉपर रहे छात्रों को पुरस्कार प्रदान पुरस्कार प्रदान किया।पुरस्कार पाने वालों में कक्षा एक में आदित्य राज, कक्षा 2 में माधव तिवारी,कक्षा 3 में सिद्धि सिंह,कक्षा 4 में सूर्य शंकर,कक्षा 5 में कुमकुम मौर्य,कक्षा 6 में वैष्णो पांडेय,कक्षा 7 में लकी यादव,कक्षा 8 में कार्तिक शुक्ला,कक्षा 9 में दीपक शामिल रहे।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का संचालन आरती तिवारी तथा अध्यक्षता प्रबंधक सुशीला तिवारी ने किया।समारोह में प्रमुख रूप राम अनुज तिवारी,अर्चना पांडेय,शालिनी तिवारी, शमा खान, शहनाज बानो,रेशमा बानो,रामचंद्र तिवारी, शैलेश सोनी,कुलदीप शुक्ला,प्रीति सिंह,नेहा सिंह,जगनारायण यादव,सुमन सिंह,अस्मिता सिंह,बच्चूलाल यादव समेत सैकड़ो की संख्या में अभिभावक,बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी सभी बनेंगे पन्ना प्रमुख : ओम प्रकाश

**अयोध्या (आरएनएस)।** पार्टी द्वारा सांगठनिक स्तर पर हर घर-हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क को लेकर पार्टी ने वृहद स्तर पर तैयारियां की हैं। तैयारियों को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। तीन बार सम्पर्क अभियान को लेकर बूथ समिति के 6 सदस्यों

**भाजपा के लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की हुई बैठक**

को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। मतदाता सूची प्रमुख, लाभार्थी सम्पर्क प्रमुख, व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख, महिला सम्पर्क प्रमुख, प्रभावी मतदाता सम्पर्क प्रमुख बनाए गए हैं। 12 से 15 परिवार के वोटरों का एक पन्ना है जिसमें 60 मतदाता है। जिन पर एक पन्ना प्रमुख बनाया गया है। 22 से 25 अप्रैल तक शक्ति केन्द्रों पर बूथ समिति का बैठक किया



जाएगा। जिसमें बूथ समिति को उनके कार्य बताए जाएंगे। 3 मई से 7 मई तक पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यों के लिए सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को लगाया गया है। विभिन्न मोर्चों को विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

लोक सभा सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ समिति तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा हर घर - हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य करना है। इसके लिए बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यों के बारे में सम्मेलन में बताया जाएगा। जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल पदाधिकारियों को भी पन्ना प्रमुख बनाया गया है। जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने कहा कि बूथ पर होने वाले 20 कार्यों के बारे में बूथ समिति तथा मोर्चा के पदाधिकारियों से समन्वय के आधार पर पूर्ण करने है। हर बूथ पर पिछले चुनाव से अधिक वोट प्राप्त करना है। बैठक में सियाराम कन्नौजिया, शैलेन्द्र कोरी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, तिलकराम मौर्या, इंद्रभान सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शुभारम्भ**

## अयोध्या केवल शहर ही नही बल्कि भावनाओं का शहर : संतोष कुमार

# प्रभु श्रीराम से जुड़ी सभी स्थलों की जानकारी रखनी होगी : प्रो. प्रतिभा गोयल

**अयोध्या (आरएनएस)।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में चतुर्थ बैच टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त अयोध्या व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में काफी संख्या में टूरिस्ट आने के लिये लालायित हैं। अयोध्या की सांस्कृतिक एवं पौराणिक विरासत से सभी अभिसिंचित कराने के लिए टूरिस्ट गाइड की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए टूरिस्ट गाइड को पूरे सप्ताह का प्रोग्राम बनाना होगा। इसके लिए अपने स्किल को विकसित करना होगा। टूरिस्ट क्या चाहता है, उन्हीं की मांग के अनुरूप चीजों को प्रस्तुत करना होगा, यही एक सफल गाइड की पहचान है। कुलपति ने टूरिस्ट



गाइड से कहा कि केवल अयोध्या पर फोकस नही करना है बल्कि राम से जुड़े सभी स्थलों की जानकारी रखनी होगी। इसके लिए तंत्र विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि आपकी भूमिका केवल गाइड तक ही नही सीमित है। बल्कि अयोध्या के खाने-पीने खरीदने की वस्तुओं की भी जानकारी रखनी होगी। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि गाइड का उद्देश्य केवल पैसा कमाना नही होना चाहिए बल्कि अपनी निःस्वार्थ सेवाओं से भी पैसा अपने आप खुद आएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या केवल शहर ही नही बल्कि भावनाओं का शहर है। टूरिस्ट गाइड अपने शहर का ब्राण्ड अम्बेसडर होता है। सभी को अयोध्या के साहित्य को पढ़ना होगा तभी टूरिस्ट को सही जानकारी दे सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या अपने विशाल इतिहास को समेटे हुए है। गाइड को अयोध्या के लिये ऐसा पैकेज बनाना होगा जिससे टूरिस्ट कम से कम दो दिन अयोध्या में रूके जिससे अयोध्या की इकोनॉमी डेवेलप होगी। इसका लाभ लोगों के अलावा स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। उन्होंने टूरिस्ट गाइड से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कहा कि नकरात्मक चीजों को सकारात्मकता में बदलने के साथ धर्य रखना होगा जिससे टूरिस्ट को सही जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि एक गाइड की भूमिका किसी भी पर्यटन स्थल को अग्रणी बनाने में होती है। सभी ईमानदारी से काम करें तो इस सेक्टर में प्रगति कर सकते हैं। क्योंकि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन के काफी अवसर बढ़े हैं। लोगों को आसानी से रोजगार मुहैया हो रहा है।

# कोलकाता से पैदल यात्रा करते हुये राम भक्त पहुंचा हनुमान मंदिर बरई कला

**सोहावल-अयोध्या (आरएनएस)।** मन में राम आत्मा में भगवान राम को बैठाये उनके द्वारा किये गये कार्यों का अनुसरण करें। प्यासे को पानी और भूखे को भोजन करायें।भगवान राम के चरित्र व सनातन का उपदेश देते हुये यह बातें सोहावल विकास खण्ड क्षेत्र के



बरई कला गांव स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर पर अशोक मिश्रा के यहां आयोजित भन्डारे में कोलकाता निवासी राम भक्त अबीर भट्टाचार्य पुत्र आशीष भट्टाचार्य ने यह बातें कही है ।जो कोलकाता से 4000 किलोमीटर पैदल यात्रा पर निकले हैं। राम भक्त अबीर भट्टाचार्य ने बताया कि 13 मार्च को कोलकाता से चला हूं। 15 अप्रैल को प्रभु श्री राम के दर्शन करने के उपरांत अब मैं बद्रीनाथ धाम पैदल यात्रा पर जा रहा हूं। रास्ते में ग्रामीण खाने पीने की वस्तुएं मुझे देते रहते हैं। उन्ही में से मैं भी भूखों प्यासों को देता रहता हूं। भगवान राम का नाम लेकर आगे बढ़ता रहता हूं। ग्रामीण अशोक मिश्रा शिक्षक स्वतंत्र पांडेय , मणिकांत मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वागत कर जलपान व भोजन कराया। जिसके पश्चात वह अपने गनतव्य को रवाना हो गये।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267